Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 156 | सोमवार, 15 जून-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# निर्माण कार्यों में लाएं तेजी, गुणवत्ता के साथ समय से पूरे हों काम: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शासन तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दोनों मंडलों में संचालित पुरानी व गतिमान परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाई जाए और हर काम गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने मानसून (बरसात) से पहले की परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने और उन्हें समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने पिछले वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण कराएं। इसकी कार्ययोजना तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय से धनराशि स्वीकृत हो सके। साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी समय से पूरी की जाए। कार्यों में गति लाने के लिए संबंधित कमिश्नर व जिलाधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित बैठकें कर समीक्षा करें, जिससे निर्माण कार्यों की प्रगति हर हाल में सुनिश्चित हो सके।

### श्रमिकों की सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कार्यों की प्रभावी निगरानी पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मौके का मुआयना करें और तकनीक के माध्यम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सेतु निगम के कार्यों में सुरक्षा मानकों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए और उनके लिए सुरक्षा किट का पूरा इंतजाम रहे। सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करें।

### जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को प्राथमिकता दें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्राथमिकता तय कर सड़कों का काम तत्काल शुरू कराया जाए, जिससे आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। जून के अंत तक सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जाएं और इसके तुरंत बाद शिलान्यास कराया जाए। सभी जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने के बाद ही कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि काम बीच में न रुके और समय से पूरा हो।

# अखिलेश की बेटी पर अभद्र पोस्ट पर सीएम योगी का एक्शन, जीरो टॉलरेंस दिखाते हुए दिए एफआईआर के निर्देश

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की बेटी की सोशल मीडिया पर हो रही ट्रोलिंग की कड़े शब्दों में निंदा की है। उनके खिलाफ की जा रही झूठी और अभद्र टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां चाहे किसी की भी हों, उन्हें इस तरह की खराब सार्वजनिक चचाओं का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। यूपी के आजमगढ़ में 955 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं के उद्घाटन के दौरान उन्होंने साफ कहा कि बेटियों के खिलाफ ऐसी घटिया हरकतें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा, 'मैंने हाल ही में देखा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव जी की बेटी के खिलाफ गलत टिप्पणियां कर रहे थे। जैसे ही यह मामला मेरे संज्ञान में आया, मैंने तुरंत पुलिस को दोषियों के खिलाफ सख्त धाराओं में FIR दर्ज करने का आदेश दिया।' उन्होंने आगे कहा कि बेटी तो बेटी होती है। हम ऐसे संस्कारों में पले-बढ़े हैं जहां गांव की बेटी सबकी बेटी और गांव की बहन सबकी बहन होती है। हमने कभी राजनीति में इस तरह का कोई भेदभाव नहीं किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह बयान तब आया है जब पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की बेटी को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर एक झूठी और मानहानिकारक पोस्ट फैलाई गई, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। यह FIR कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर सेल में तब दर्ज हुई जब सपा नेताओं ने पुलिस से संपर्क किया।

# भारतीय नाविकों की मौत पर राहुल गांधी ने उठाए सवाल, कहा- कोई भी संप्रभु देश ऐसी भाषा नहीं सहता

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** ओमान तट के पास अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में भारतीय नाविकों की मौत और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के हालिया बयानों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिका की ओर से भारत को कड़े संदेश दिए जाने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संप्रभु देश को ऐसी भाषा स्वीकार नहीं करनी चाहिए। राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच बातचीत के बाद अमेरिका ने होर्मुज क्षेत्र में अपने निदेशों का पालन करने पर जोर दिया है।

### राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर क्या आरोप लगाए?

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में पोस्ट कर कहा कि अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ दिन बाद भी न तो खेद व्यक्त किया गया और न ही माफी मांगी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके उलट अमेरिका भारत को निर्देश दे रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि एक संप्रभु राष्ट्र ऐसी भाषा कभी स्वीकार नहीं करेगा, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री को 'समझौता कर चुके प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वे एक 'आज्ञाकारी सेवक' की तरह आदेश सुनते हैं और उनका पालन करते हैं। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि ऐसा नेतृत्व देश के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकता।

### अमेरिका और भारत के बीच विवाद की वजह क्या है?

यह विवाद उस समय और बढ़ गया जब अमेरिका ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में उसकी नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल का अवैध परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत में यह बात कही। इससे पहले जयशंकर ने ओमान तट के पास अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में भारतीय नागरिकों की मौत पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। भारत ने नई दिल्ली में अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत जेसन मीक्स को भी तलब कर स्पष्ट किया कि भारतीय चालक दल वाले वाणिज्यिक जहाजों पर घातक हमले स्वीकार्य नहीं हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक चर्चा को तेज कर दिया है।

### ओमान और होर्मुज से जुड़ा मामला क्यों चर्चा में है?

राहुल गांधी ने ओमान के दुक्म बंदरगाह पर खड़े एक जहाज में मृत भारतीय नागरिक निशांत उर्थनाथन के मामले को भी उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से पार्थिव शरीर को जल्द भारत लाने की मांग की। दूसरी ओर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी जारी हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर भारतीय जहाजों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया, जबकि ईरान ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। होर्मुज क्षेत्र में जारी तनाव और समुद्री यातायात में व्यवधान के कारण भारतीय नाविकों और व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में यह मुद्दा अब घरेलू राजनीति के साथ-साथ विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा की बहस का भी केंद्र बन गया है।

# एआई ने पकड़ा आयुष्मान योजना में 655 करोड़ का फजीवाड़ा, अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**




**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में फर्जी मेडिकल रिपोर्ट्स के आधार पर अस्पताल बड़ा खेल कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग की मदद से 655.04 करोड़ का फर्जी क्लेम पकड़ा है। इसके तहत एक्स-रे रिपोर्ट, ब्लड टेस्ट रिपोर्ट, एमआरआई से सीटी स्कैन तक की फर्जी रिपोर्ट लगाकर अलग-अलग मरीजों के नाम से इस्तेमाल हुआ, मरीज की जानकारी में छेड़छाड़ की गई या एक ही मेडिकल दस्तावेज को अलग-अलग अस्पतालों में क्लेम के लिए लगाया गया।

एनएचए के अनुसार, फजीवाड़ा करने वाले 2021 अस्पतालों को डिइम्पैनल्ड किया जा चुका है। 590 अस्पतालों को सस्पेंड किया गया और 26 पर एफआईआर दर्ज हुई है। सरकार ने अस्पतालों पर 263.71 करोड़ रुपये का पेनाल्टी भी लगाया है। एआई आधारित इमेज एनालिटिक्स सिस्टम ने ऐसे मामले पकड़े, जिनमें एक ही एक्स-रे फिल्म को तीन अलग-अलग मरीजों के क्लेम में इस्तेमाल किया गया था। जांच में पाया गया कि केवल मरीज का नाम, आईडी और तारीख बदलकर दस्तावेज जमा किए गए थे।

सिस्टम ने इसे 'संभावित इमेज टैम्परिंग' के रूप में चिह्नित किया। ऐसे मामले भी पकड़े गए, जहां एक मरीज की रिपोर्ट का इस्तेमाल दो अलग-अलग मरीजों के क्लेम में किया गया। इमेज हैशिंग और डॉक्यूमेंट एनालिटिक्स तकनीक के जरिए समान दस्तावेजों की पहचान कर फजीवाड़े का पता लगाया गया। मशीन लर्निंग आधारित सिस्टम ने घुटना प्रत्यारोपण से जुड़े मामलों में पाया कि एक ही इम्प्लांट बारकोड और विवरण अलग-अलग अस्पतालों के क्लेम में इस्तेमाल किए गए। इससे यह संदेह पैदा हुआ कि इलाज और बिलिंग से संबंधित रिकॉर्ड में हेरफेर किया गया है।

# दिल्ली में भूपेंद्र यादव के घर हुई बागी सांसदों की बैठक, अभिषेक बनर्जी ने स्पीकर को लिखा पत्र

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** TMC यानी तृणमूल कांग्रेस के कई बड़े सांसद रविवार को दिल्ली में इखढ के केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पर जमा हुए। ये करीब दो घंटे यहां रुके। इन सांसदों को पार्टी के भीतर बागी माना जा रहा है। इस मीटिंग ने पूरे देश की राजनीति में हलचल मचा दी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने इस पूरे मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एक घमंत और अत्याचार की वजह से पार्टी इस बबादी के रास्ते पहुंची है। TMC यानी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सबसे बड़ी पार्टी रही है। ममता बनर्जी इसकी मुखिया हैं और बंगाल में उनकी सरकार थी। पार्टी के अंदर काफी समय से कुछ नेता नाराज चल रहे हैं। ये नेता पार्टी की चाल-ढाल और कुछ फैसलों से खुश नहीं हैं। अब तक यह नाराजगी अंदर ही अंदर थी। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी के अंदर की कलह खुलकर सामने आ गई है।

### दिल्ली में क्या हुआ?

रविवार को TMC के कई सांसद दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पहुंचे। भूपेंद्र यादव BJP के बड़े नेता हैं। TMC और BJP दो अलग पार्टियां हैं और आमतौर पर एक-दूसरे के खिलाफ होती हैं। ऐसे में TMC के सांसदों का BJP के मंत्री के घर जाना बड़ी बात है। सबसे पहले TMC सांसद सेयानी घोष वहां पहुंचीं। उनके बाद एक के बाद एक कई और सांसद भी आ गए। जिनमें सुदीप बंद्योपाध्याय, माला रॉय, पारसुन बनर्जी, अरूप चक्रवर्ती, शताब्दी रॉय, काकोली घोष और सुदिप बंद्योपाध्याय के नाम शामिल हैं। ये सभी TMC के जाने-माने चेहरे हैं। इनके अलावा टीएमसी नेता, जगदीश बसुनिया, पार्थ भौमिक, जून मालिया, मेटाली बाग, बापी हलधर भी पहुंचे हैं। ये नेता करीब दो घंटे यहां रुके और फिर चले गए। वहीं, TMC सांसद कीर्ति आजाद और सागरिका घोष स्पीकर ओम बिरला के आवास पर पहुंचे। इसे लेकर अभिषेक बनर्जी ने ओम बिरला को पत्र लिखा है।

### मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने क्या कहा?

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि टीएमसी एक महीने के भीतर बिखर जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के कई नेता अब अलग रास्ता तलाश रहे हैं और एक वरिष्ठ नेता भी दिल्ली में सक्रिय हैं। अपने भाषण में उन्होंने टीएमसी पर घमंड, भ्रष्टाचार और अत्याचार के आरोप लगाए तथा पार्टी के भविष्य पर सवाल खड़े किए।

### अभिषेक बनर्जी ने स्पीकर को लिखा पत्र

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और संसदीय दल के नेता अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर पार्टी के किसी भी कथित अलग गुट को मान्यता न देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि टीएमसी लोकसभा में एक ही अधिकृत नेतृत्व और व्हिप के तहत काम करती है। साथ ही उन्होंने दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखने की बात भी कही।

# हिंदू युवक के कत्ल पर देहरादून में बवाल: आरोपी के घर में लगाई आग, इंटरनेट बंद, बुलडोजर एक्शन शुरू

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के विकासनगर में हिंदू युवक की हत्या के बाद माहौल तनावपूर्ण है। विरोध प्रदर्शन के बीच आरोपी के घर में आग लगा दी गई। पथराव किया गया। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है। प्रशासन ने एहतियातन इंटरनेट बंद कर दिया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। अब इस मामले को लेकर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है।

उत्तराखंड के विकासनगर स्थित बैरागीवाला गांव में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प में युवक की मौत के बाद बवाल बढ़ता जा रहा है। यहां आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके घरों पर ध्वस्तीकरण की मांग को लेकर भीड़ ने पुलिस की मौजूदगी में पत्थराव कर दिया। आरोपी के घर को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं प्रशासन ने मामले को देखते हुए इंटरनेट बंद कर दिया है। अब इस मामले को लेकर 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं इस घटना के बाद बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है।

इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें कई लोग लाठी-डंडों के साथ एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। बैरागीवाला गांव से सामने आए CCTV फुटेज ने घटना के खौफनाक मंजर को कैमरे में कैद कर लिया है। वीडियो में लाठी-डंडों से लैस लोग सड़कों पर दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग जान बचाने के लिए भाग रहे हैं, तो कहीं चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल नजर आ रहा है।

इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस का कहना है कि विवाद की शुरूआत खेत में पानी लगाने को लेकर हुई थी, लेकिन कुछ ही देर में मामूली कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। अब सामने आए CCTV फुटेज में वो हिंसा दिखाई दे रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि गांव की गलियों में अचानक हलचल बढ़ जाती है। कुछ लोग हाथों में लाठियां लेकर दौड़ते नजर आते हैं। इसके बाद हमला शुरू हो जाता है। लोग इधर-उधर भागने लगते हैं। महिलाएं और बच्चे भी डर के साये में सुरक्षित जगह तलाशते दिखाई देते हैं।





इस हिंसक झड़प में एक हिंदू युवक की मौत हो गई, जबकि महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं। युवक की मौत की खबर फैलते ही गांव का माहौल और ज्यादा गर्म हो गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। घटना के बाद गुस्साए हिंदूवादी संगठन के लोगों ने गांव में पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के एनकाउंटर समेत उनके घरों पर बुलडोजर एक्शन की मांग की और हाइवे जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि समुदाय विशेष देवभूमि को कश्मीर बनाना चाहता है। यह घटना कोई मामूली घटना नहीं है कि यह एक हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग की गई।

गुस्साए लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नेशनल हाइवे जाम कर दिया। कई घंटों तक सड़क पर प्रदर्शन चलता रहा। लोगों का कहना था कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को पूरे इलाके को छावनी में बदलना पड़ा। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और हर गतिविधि पर नजर रखी जाने लगी। प्रदर्शन के दौरान कई बार पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली।

### घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे भाजपा विधायक

घटना के बाद भाजपा विधायक मुन्ना चौहान पहले घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे। फिर वहां से सीधे बैरागीवाला गांव पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए मौके पर मौजूद पुलिस के आला अधिकारियों को सख्त एक्शन के निर्देश दिए। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने पीड़ित परिवार से सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मामले में सहसपुर कोतवाली पुलिस के मौजूदा थाना प्रभारी को सख्त लहजे में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया।

अब इस पूरे मामले में CCTV फुटेज पुलिस के लिए सबसे अहम कड़ी बन गया है। वीडियो के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। हालांकि गांव में माहौल अब भी संवेदनशील बना हुआ है। एक तरफ परिवार अपने बेटे की मौत का इंसाफ मांग रहा है, दूसरी तरफ पूरा गांव CCTV में कैद उस हिंसा को देखकर सहमा हुआ है।

### घटना को लेकर एसपी ग्रामीण ने क्या कहा?

इस घटना को लेकर एसपी देहात पंकज गैरोला ने कहा कि खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुए मामूली विवाद के बाद कुछ युवकों ने विनोद नाम के युवक को पीट-पीटकर मार डाला। वहीं तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदर्शनकारियों से बात की जा रही है, आरोपियों की धड़पकड़ के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बैरागीवाला प्रधान विक्की कश्यप ने कहा कि यह पानी का मामला नहीं है, बल्कि जमीन का विवाद है। लगातार विनोद कश्यप को धमकियां मिल रही थीं। हमने सहसपुर थाने में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसमें जो पहले प्रधान थी, उनके समय में जमीन को लेकर घोटाला हुआ, जिसका खुलासा विनोद ने किया था। इसके बाद यह सब हुआ। विनोद भाई टीचर भी थे। परिवार के 15 लोगों ने एक व्यक्ति को मार दिया, उसकी सारी संपत्ति सील होनी चाहिए।

## संपादक की कलम से

## दक्षिण की फिल्में कहानी से शुरू होती हैं, बॉलीवुड स्टार से शुरू होता है



ललित शर्मा
संपादक

जब कोई फिल्म अपनी मिट्टी की गहराइयों से जन्म लेती है, तब वह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह जाती; वह अपने समय और समाज का जीवंत महाकाव्य बन जाती है। दक्षिण भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा सामर्थ्य यही है कि वह कहानी को केंद्र में रखता है। वहां पहले कथा जन्म लेती है और फिर उसी कथा के भीतर से नायक उभरता है। किरदार मिट्टी से निकलते हैं, उनकी धड़कनों में लोकजीवन की लय बसती है और उनकी आंखों में पीढ़ियों के सुख–दु:ख झलकते हैं। वहीं बॉलीवुड की शुरूआत आजकल स्टार से होती है — पहले चेहरा तय, फिर उसके एंट्री शॉट्स, उसके कपड़े, उसके डायलॉग और अंत में व्यक्तित्व के अनुरूप कथानक गढ़ा जाता है। नतीजा यह कि साउथ की फिल्में दिल की गहराई तक उतर जाती हैं, जबकि बॉलीवुड की फिल्में सतह पर चमककर रह जाती हैं। साउथ का गांव जब पर्दे पर बोलता है, तो उसकी आवाज में सदियों की स्मृति, आस्था और संघर्ष की गूंज सुनाई देती है। 'कांतारा', 'पेड्डी', 'पुष्पा' या 'जेलर' जैसी फिल्मों में गांव केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि एक सजीव, सांस लेता हुआ चरित्र है। वहां की मिट्टी की महक, लोकदेवताओं में विश्वास, परंपराओं की शक्ति और आम आदमी का संघर्ष — सब दर्शक की रगों में उतर जाता है। दर्शक महसूस करता है कि वह फिल्म नहीं देख रहा, बल्कि अपनी सांस्कृतिक आत्मा को पुन: खोज रहा है। इसके उलट बॉलीवुड का शहर रोशनी से भरा होकर भी भीतर से खाली लगता है; वहां चमक है, पर संवेदना नहीं—चेहरे दिखते हैं, पर किरदार दिल में नहीं बसते। सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि बॉलीवुड स्वयं अब इस सच्चाई को स्वीकार करने लगा है। वह दक्षिण की मूल कहानियों को हिंदी में डब करके या रीमेक बनाकर पेश कर रहा है और वे फिल्में ब्लॉकबस्टर साबित हो रही हैं। 'दृश्यम', 'जेलर' और 'केजीएफ' जैसी फिल्में हिंदी डब्ड वर्जन में जबरदस्त सफलता पा चुकी हैं। बॉलीवुड की अनेक बड़े स्टार स्टूडियो अब साउथ की पटकथाओं पर निर्भर हो गए हैं क्योंकि उन्हें अपनी मिट्टी से कहानियाँ निकालने की कला लगभग खो चुकी है। वे स्टार की चमक से चमकाने की कोशिश करते हैं, पर असली जादू तो दक्षिण की कहानी में ही है। यह अंतर केवल निर्देशन, तकनीक या पटकथा का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टि का अंतर है। दक्षिण का फिल्मकार अभी भी अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह जानता है कि असली नायक कहानी है, संघर्ष है, समाज की सामूहिक स्मृति है। इसलिए वह स्टार को किरदार में घुलने देता है, स्टार को किरदार पर हावी नहीं होने देता। यही वजह है कि राम चरण 'पेड्डी' में एक साधारण देहाती योद्धा बनकर भी पूरे देश का दिल जीत लेता है। वह अपनी जड़ों को नहीं छोड़ता, जड़ें उसे उड़ान देती हैं। इसके विपरीत बॉलीवुड का स्टार जड़ों को काटकर उड़ान भरने की कोशिश करता है, इसलिए उसकी उड़ान छोटी, दिखावटी और जल्दी थक जाने वाली साबित होती है। दक्षिण भारतीय फिल्मों की कहानियां समय की गहराइयों में उतरती हैं। वे लोककथाओं, पुराणों, क्षेत्रीय इतिहास और समकालीन यथार्थ को एक सूत्र में पिरो देती हैं। उनके एक–एक फ्रेम में संस्कृति की सांस सुनाई देती है, परंपरा का स्पर्श महसूस होता है और मानवीय संवेदनाओं की आंच दिखाई देती है। फिल्म समाप्त होने के बाद भी उसके पात्र और प्रसंग दर्शक के भीतर जीवित रहते हैं। बॉलीवुड इस कला को लगभग भूल चुका है।

## संतोष परम सुख

उदय किशोर साह



कविता

दौलत की नशा जब सर चढ़ जाता
अंधा भी सात आसमान पे पाता
चाल व्यवहार बदल लेता वो नादान
ओछा मन जब बन जाता है धनवान

स्वार्थ का चश्मा नाक पे मुस्कुराता
बैशाखनन्दन खुद बन जतलाता
सागर की तरह बन जाता ज्ञानवान
अज्ञानी खुद को समझे विद्वान

खान पान बदला बदले नीज व्यापार
चापलुसों से सजती है उनका दरबार
मदिरा की गुंजती रुनझून गुंजार
धन दौलत की जब बहती है बयार

बहक जाता है नशे में खुद अनजान
एक दिन टुट जाता है गुरूर अभिमान
धन दौलत है पानी की बुलबुले मेरे यार
कभी आती है तेरे घर कभी अन्य के द्वार

पैसे है जग में उतनी ही जीवन में जरूरी
ना रोये कभी हमारी कोई भी मजबूरी
संतोष है इस जीवन का खुशी संसार
धन दौलत की चाँदनी होती है दिन चार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# फास्ट फूड संस्कृति बनाम भारतीय आहार परंपरा: युवाओं के स्वास्थ्य पर बढ़ता संकट



किशन भावनानीं
लेखक

एक जमाना था जब हमारे घरों में माताएं लकड़ी और कोयले से जलते चूल्हे पर रोटी और चावल पकाते और हम सामने बोरा बिछाकर बैठ देखते थे और पलभर में थाली में भोजन परोसा जाता था और हम ग्रहण कर बाहर प्रकृति की गोद में खटिया पर बैठकर या झाड़ों के बीच चक्कर लगाते या अपने कार्य पर चले जाते थे! मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र आज भी यह देखता हूं कि यही प्रक्रिया हमारे बड़े बुजुर्गों, पिछली पीढ़ियों और कई गांव शहरों में आज भी शुरू है !और खासियत है कि ऐसे लोगों में किसी भी प्रकार की बीमारी का कोई लक्षण नहीं था, पाश्चात्य संस्कृति का कोई लक्षण नहीं था, सीमित जिंदगी और सुखी जिंदगी की वह स्थिति!! आज उस जमाने की बात करें कर कहते हैं न जाने कहां गए वो दिन!! इस प्रकार की पुरानी यादों की बात वरिष्ठ नागरिक करते हैं तो सुनकर बहुत आश्चर्य और अच्छा लगता है, उत्साह होता है कि ऐसी सुखी जिंदगी जीने की, यह थी टिकाऊ जीवन शैली।

साथियों बात अगर हम वर्तमान जीवन शैली की करें तो इसके लिए उपरोक्त पुरानी टिकाऊ जीवन शैली की चर्चा करना बेहद जरूरी था जिसकी प्रित्यक्ष रिपोर्टिंग मैंने बुजुर्गों से की इसी जीवन शैली का नतीजा हमारे सामने माननीय पीएम द्वारा उल्लेखित 126 वर्षीय पदम पुरस्कार से सम्मानित बाबा शिवानंद का है जो पूरे विश्व के सामने एक मिसाल कायम है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थकर आहार की करें तो वर्तमान में हम देख रहे हैं कि अनेक चाइनीस फूड, पिज्जा जैसे सैकड़ों ऐसे फास्ट फूड हैं जिसपर आहार के रूप में हमारी निर्भरता बढ़ गई है हमनें हर दिन या हर दूसरे तीसरे दिन इनको ग्रहण करने के का प्रचलन कायम कर दिए हैं। हालांकि यह फास्ट फूड ग्रहण करने का हमारा विरोध या टीकाटिप्पणी नहीं है परंतु हमारा उद्देश्य अस्वास्थ्यकर आहरों की आदत से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है क्योंकि अगर हम दशकों



पुराने जमाने और आज के जमाने की निरंतर बढ़ती खाई, अस्वास्थ्यता, बीमारियों का प्रकोप, स्वास्थ्य स्थिरता, शारीरिक कष्ट इत्यादि सैकड़ों स्वास्थ्य खतरों की करें तो यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

अगर हम खासकर वर्तमान पीढ़ी, देश का भविष्य बच्चों और युवाओं को इस बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित नहीं करा पाए तो यह गैप बहुत बढ़ जाएगी और हमारी ओरिजिनल भारतीय आहार संस्कृति, टिकाऊ जीवन शैली, विलुप्तता की ओर बढ़ने लगेगी इसलिए समय आ गया है कि हम युवाओं में इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें सचेत करें। साथियों बात अगर हम पुरानी टिकाऊ जीवन शैली और वर्तमान जीवन शैली के अंतर की करें तो हमने कई बार सुना होगा,, दादा जी तुम तो पुरानी मजबूत हड्डियों से बने हो! तुम्हारे पास पुराने ही घी मक्खन की ताकत है तुम पुराने जमाने के सोने के अंडे खाए, लाभ पाए हो! इत्यादि इत्यादि बातें हम करते हैं जो बिल्कुल सच है परंतु यह असर कोई शक्तिशाली विटामिन का नहीं बल्कि टिकाऊ जीवन शैली, स्वास्थ्यकर आहार, नियमित कसरत, अपार मेहनत, प्रकृति की गोद में बिताए लम्हों की ताकत है जो स्वास्थ्य और शरीर को मजबूत और टिकाऊ बनाए हुए हैं इसीलिए हर बड़े बुजुर्ग का कर्तव्य है कि वह अपने मार्गदर्शन से एक सामाजिक टीम खड़ी कर युवाओं को हेल्दी फूड स्वस्थ्य आहार की आदत, पाश्चात्य जीवन शैली का त्याग, तेजी से बदलती जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों से सबक जैसे अनेक मुद्दों को रेखांकित कर युवाओं को मार्गदर्शन, जन जागरण अभियान चलाकर प्रेरित करें। साथियों बात अगर हम अस्वास्थ्यकर आहार के खतरों पर देश में बने कानूनों, नियमों, विनियमों, राज्य स्तरीय कानूनों, शासन, प्रशासन की करें तो हालांकि उपभोक्ता कानून सहित अनेक नियमों कानूनों में इस संबंध में सख्त धाराएं हैं परंतु जरूरत उस सख्ती के साथकानून लागू करनें की, जनता को जागृत करने की, अधिकारियों में जांबाजी और जज्बे की, जिसके बल पर कुछ कानून का सहारा, कुछ जनजागरण का सहारा, प्रोत्साहन, सतर्कता इत्यादि के बल पर हम इन से बचकर एक टिकाऊ जीवन शैली,स्वास्थ्यकर आहार, आदतों को अपनाकर अपने शरीर, स्वास्थ्य, जीवन को सुरक्षित और सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 10 अप्रैल 2022 को माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो इस विषय पर उन्होंने भी कहा, भारत में गैर-संचारी रोगों में वृद्धि की चिंताजनक रूझान को रेखांकित करते हुए उन्होंने निजी क्षेत्र में चिकित्सा संस्थाओं से लोगों, विशेष रूप से युवाओं के बीच एक निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से निष्क्रिय जीवन शैली का त्याग करने और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी और तेजी से बदलती जलवायु हमें हमारी आदतों और जीवन के तरीके के बारे में कई सबक सिखाती है। उन्होंने प्रकृति की गोद में अधिक समय व्यतीत करने और अधिक टिकाऊ जीवन शैली अपनाने की अपील की। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि टिकाऊ जीवन शैली अपनाएं। निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। युवाओं के बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित करना समय की मांग है।

# क्या डिजिटल क्रांति ने समाचार पत्र विक्रेताओं की आजीविका छीन ली है, या समय के साथ व्यवसाय का स्वरूप बदल रहा है?



डॉ विजय गर्ग
लेखक

सुबह की चाय के साथ अखबार पढ़ना भारतीय जीवनशैली का एक अभिन्न हिस्सा रहा है। दशकों तक समाचार पत्र केवल खबरों का माध्यम नहीं थे, बल्कि समाज, राजनीति, शिक्षा और संस्कृति से जुड़ने का सबसे विश्वसनीय साधन भी थे। हर सुबह घर-घर अखबार पहुँचाने वाले विक्रेता इस व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी थे। लेकिन इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के प्रसार ने सूचना जगत में ऐसी क्रांति ला दी है जिसने पारंपरिक समाचार पत्र उद्योग को गहराई से प्रभावित किया है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या डिजिटल क्रांति ने समाचार पत्र विक्रेताओं की आजीविका छीन ली है, या यह केवल व्यवसाय के बदलते स्वरूप का संकेत है?

### सूचना के पारंपरिक युग की रीढ़

डिजिटल युग से पहले समाचार पत्र ही समाचारों का प्रमुख स्रोत थे। लाखों परिवार प्रतिदिन अखबार खरीदते थे और हजारों लोगों की आजीविका इनके वितरण से जुड़ी हुई थी। समाचार पत्र विक्रेता तड़के उठकर विभिन्न मोहल्लों और गांवों में अखबार पहुँचाते थे। उनकी आय का मुख्य आधार नियमित ग्राहक और समाचार पत्रों की बिक्री थी। यह केवल एक व्यवसाय नहीं था, बल्कि एक सामाजिक संबंध भी था। कई विक्रेता वर्षों तक एक ही क्षेत्र में सेवा देते हुए लोगों के जीवन का हिस्सा बन जाते थे।

### डिजिटल क्रांति और बदलती आदतें

पिछले दो दशकों में इंटरनेट और स्मार्टफोन ने सूचना प्राप्त करने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। अब खबरें अखबार के अगले संस्करण की प्रतीक्षा नहीं करतीं। वे मिनटों और कभी-कभी सेकंडों में लोगों के मोबाइल फोन तक पहुँच जाती हैं। समाचार वेबसाइटें, मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वीडियो समाचार चैनल चौबीसों घंटे जानकारी उपलब्ध कराते हैं। युवा पीढ़ी विशेष रूप से डिजिटल माध्यमों की ओर आकर्षित हुई है। परिणामस्वरूप कई शहरों में समाचार पत्रों की प्रसार



संख्या में गिरावट दर्ज की गई है।

### क्या वास्तव में आजीविका छिन गई है?

यह सच है कि डिजिटल मीडिया के विस्तार ने समाचार पत्र विक्रेताओं की आय को प्रभावित किया है। कम प्रसार का अर्थ है कम बिक्री और कम कमीशन। कई विक्रेताओं को पहले की तुलना में कम ग्राहक मिल रहे हैं। लेकिन यह निष्कर्ष निकालना कि उनकी आजीविका पूरी तरह समाप्त हो गई है, वास्तविकता का अधूरा चित्र प्रस्तुत करता है। अनेक विक्रेताओं ने समय के साथ अपने व्यवसाय को नई दिशा दी है। वे अब केवल अखबार ही नहीं, बल्कि पत्रिकाएँ, दूध, घरेलू सामान, कूरियर और ई-कॉमर्स कंपनियों के पार्सल भी वितरित कर रहे हैं। इस प्रकार उनकी भूमिका बदल रही है, समाप्त नहीं हो रही।

### व्यवसाय का बदलता स्वरूप

इतिहास बताता है कि तकनीकी बदलाव अक्सर पुराने व्यवसायों को पूरी तरह नष्ट नहीं करते, बल्कि उन्हें नए रूप में ढाल देते हैं। जिस प्रकार ई-मेल के आने से डाक सेवाएँ समाप्त नहीं हुईं, बल्कि उन्होंने नई सेवाओं को अपनाया, उसी प्रकार समाचार पत्र उद्योग भी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आज अधिकांश मीडिया संस्थान प्रिंट और डिजिटल दोनों माध्यमों में कार्य कर रहे हैं। ई-पेपर, डिजिटल सदस्यता, वीडियो सामग्री और मोबाइल एप्लिकेशन आधुनिक मीडिया मॉडल का हिस्सा बन चुके हैं। यह परिवर्तन नए रोजगार अवसर भी पैदा कर रहा है, जैसे डिजिटल पत्रकारिता, कंटेंट प्रबंधन, सोशल मीडिया संचालन और डेटा विश्लेषण।

### प्रिंट मीडिया की अब भी प्रासंगिकता

डिजिटल युग के बावजूद प्रिंट मीडिया का महत्व पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों, वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर पाठकों के बीच अखबार आज भी लोकप्रिय हैं। कई लोग मुद्रित समाचार पत्रों को अधिक विश्वसनीय मानते हैं क्योंकि उनमें संपादकीय जांच और तथ्य सत्यापन की प्रक्रिया शामिल होती है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और अभिलेखीय उपयोग के लिए भी समाचार पत्र महत्वपूर्ण बने हुए हैं। फर्जी खबरों और सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत सूचनाओं के दौर में विश्वसनीय पत्रकारिता का महत्व और बढ़ गया है।

### चुनौतियाँ और अवसर

समाचार पत्र विक्रेताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की है। डिजिटल भुगतान, बहु-उत्पाद वितरण और नई सेवाओं को अपनाकर वे अपनी आय के स्रोत बढ़ा सकते हैं। सरकारों, मीडिया संस्थानों और समाज को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तकनीकी बदलावों से प्रभावित लोगों को कौशल विकास और पुनः प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध हों। तकनीकी प्रगति तभी सार्थक मानी जाएगी जब उसके लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँचें और परिवर्तन की कीमत केवल कुछ लोगों को न चुकानी पड़े। डिजिटल क्रांति ने समाचार पत्र विक्रेताओं के सामने नई चुनौतियाँ अवश्य खड़ी की हैं, लेकिन यह कहना उचित नहीं होगा कि उसने उनकी आजीविका पूरी तरह छीन ली है। वास्तविकता यह है कि सूचना और वितरण के व्यवसाय का स्वरूप बदल रहा है। आज समाचार पत्र विक्रेताओं की कहानी केवल संघर्ष की नहीं, बल्कि अनुकूलन और परिवर्तन की भी कहानी है। भविष्य उन लोगों का होगा जो बदलती तकनीक के साथ स्वयं को ढाल सकेंगे। इसलिए प्रश्न यह नहीं है कि डिजिटल क्रांति ने क्या समाप्त किया है, बल्कि यह है कि उसने नए अवसरों के कौन-कौन से द्वार खोले हैं। समय के साथ व्यवसाय बदलते हैं, लेकिन मानवीय श्रम, सेवा और अनुकूलन की आवश्यकता कभी समाप्त नहीं होती। समाचार पत्र विक्रेताओं की यात्रा इसी सत्य का जीवंत उदाहरण है।

# तृणमूल कांग्रेस : क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में एक और नाम



तनवीर जाफरी
लेखक

तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 1 जनवरी 1998 को तत्कालीन केन्द्रीय रेल मन्त्री ममता बनर्जी ने की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कांग्रेस शाखा से विद्रोह कर इस दल की स्थापना की थी। 2009 के लोकसभा चुनावों में बंगाल से 19 सीटें जीतकर यह देश की छठी सबसे बड़ी पार्टी बनी जबकि 2019 में 22 सीटें जीतकर देश की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। 2024 में भी तृणमूल कांग्रेस ने 29 सीटें जीतीं। परन्तु मात्र 28 वर्षों की राजनैतिक यात्रा तय कर पिछले दिनों विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह ढहती दिखाई दी। इसके लगभग 20 लोकसभा सांसदों, 3 राज्यसभा सांसदों व 58 विधायकों ने पार्टी छोड़ विद्रोह कर गये हैं। यह तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में सबसे गंभीर राजनैतिक संकट है। अब खबरें यहाँ तक आ रही हैं कि जिस कांग्रेस पार्टी द्वारा पाली पोसी गयी तेज तर्रार नेता ममता बनर्जी ने उसी कांग्रेस से विद्रोह करते हुये उसे राज्य में तबाह कर अपना अलग राजनैतिक दल कायम किया था, संभवतः वही ममता अब पुनः अपने बचे खुचे दल व साथियों सहित कांग्रेस की शरण में जाने का सम्मानजनक रास्ता तलाश कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के पतन में जहाँ अनेक राजनैतिक कारण, चुनावी प्रक्रिया आदि की बातें की जा रही हैं वहीं इसके पीछे का सबसे प्रमुख कारण ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी बताई जा रही है। तो क्या अब तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद की भेंट चढ़े देश के अनेक क्षेत्रीय दलों की सूची में शामिल हो गया है ?

तृणमूल कांग्रेस की ही तरह भारतीय राजनीति में अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दल परिवारवाद (वंशवाद) या विरासत की दावेदारी के चलते समाप्त हो गये, टूट गये या उनमें मतभेद सामने आये। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र की शिवसेना में उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे के बीच में 2005-2006 गहरी राजनीतिक दरार पड़ी। जिसका मुख्य कारण शिवसेना के भीतर सत्ता संघर्ष और उत्तराधिकारी की लड़ाई था। उद्धव, बाल ठाकरे के बेटे हैं जबकि



राज ठाकरे, बाल ठाकरे के भाई के बेटे यानी सगे भतीजे। चूंकि राज, बाल ठाकरे के सबसे करीबी सहयोगी थे इसलिये उन्हीं को बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अंतिम दिनों में बाल ठाकरे ने अपने बेटे उद्धव को आगे बढ़ाया और राज को उद्धव का उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जाना नहीं भाया और शिवसेना में पहला बड़ा विघटन हो गया और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना मनसे के नाम से नया दल वजूद में आया जिसने शिवसेना को भारी नुकसान पहुँचाया।

इसी तरह इंडियन नेशनल लोक दल जिसके संस्थापक चौधरी देवी लाल थे, की विरासत उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला ने संभाली आगे चलकर उनके दोनों पुत्रों अजय चौटाला व अभय सिंह चौटाला के बीच विरासत संभालने को लेकर हुये मतभेद में पार्टी दो हिस्सों बंटकर कमजोर गयी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव द्वारा गठित समाजवादी पार्टी में पहले तो 2016 -17 के बीच मुलायम सिंह यादव (पिता) और अखिलेश यादव (पुत्र) के बीच मुख्य मंत्री के पद व टिकट बंटवारे को लेकर गहरे मतभेद उभरे।

बाद में अखिलेश के चचेरे भाई शिवपाल यादव ने 'राष्ट्रीय समाजवादी पार्टी' नामक एक नई पार्टी बना डाली। एक समय में तो सपा में तीन गुट बन गए थे। गोया सपा को भी परिवारवाद की आंच झेलनी पड़ी। उधर पंजाब में प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर बादल के शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी का अवसान' शुरू हो गया। इसी तरह आर जे डी संस्थापक लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव के मोह में कई वरिष्ठ सहयोगी खो बैठे। तेजस्वी यादव के भाई तेज प्रताप यादव के बीच तथा और आगे चलकर सभी बहनों के बीच विरासत का घमासान देखने को मिला। निश्चित रूप से इन सब से पार्टी कमजोर हुई और लोगों में इस पारिवारिक सिर फुटव्वल का गलत सन्देश गया।

इसी तरह एन टी रामाराव द्वारा स्थापित तेलगू देशम पार्टी पर कभी उनकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी पर्वती ने अपना अधिकार जमाना चाहा तो कभी दामाद चंद्रबाबू नायडू ने दल पर अधिकार जमाने की सफल कवायद की। महाराष्ट्र में ही शरद पवार के परिवार में उनकी बेटी व भतीजे के बीच पार्टी विरासत को लेकर चले घमासान और पार्टी विघटन से सभी वाकिफ हैं। मायावती भी पार्टी को वन मैन शो की तरह चला रही हैं और परिवारवाद की भावनाओं का शिकार होकर अपने भाई आनंद कुमार के बेटे यानी अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर रही हैं। उत्तराधिकार के विवाद की चपेट में आर एल डी व ए,डी एम के व ए आई डी एम के भी आ चुकी है। गोया देश के अधिकांश राजनैतिक दल परिवारवाद या विरासत के कारण उठे मतभेदों के चलते अवसान की ओर जा चुके हैं।

परन्तु यह सब जानने के बावजूद बड़े से बड़े यहाँ तक कि दूसरे दलों पर परिवारवाद का ठप्पा लगाने वाले नेता भी परिवारवाद से मुक्त नहीं पाते। जैसे अभी नितीश कुमार को ही देख लीजिये। बिहार की सत्ता छोड़ते छोड़ते अपने ऐसे बेटे को स्वास्थ मंत्री बनवा गये जिसके अपने स्वास्थ को लेकर बिहार की जनता चिंतित है। परन्तु पुत्र मोह से बढ़कर आखिर क्या है ? इसी तरह भाजपा के दर्जनों नेता जिन्होंने जीवन हर कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी होने का आरोप लगाया वे अपने बेटों पोतों या भाई भतीजों को अपनी राजनैतिक विरासत सौंप चुके हैं। रहा सवाल नेहरू गाँधी परिवार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधने का तो यह महज एक प्रोपेगंडा मात्र है। कांग्रेस की नेहरू गाँधी परिवार को नहीं बल्कि कांग्रेस को नेहरू गाँधी परिवार की जरुरत है।

देश के लोग जानते हैं कि इस परिवार ने आजादी के संघर्ष से लेकर आज तक देश के लिये कितनी कुर्बानियां दी हैं और देश के विकास में क्या योगदान रहा है। लोकतंत्र की वर्तमान दयनीय होती स्थिति में भी क्षेत्रीय दलों की खामोशी के बावजूद कांग्रेस पार्टी जिसतरह संघर्षरत है उसमें भी नेहरू गाँधी परिवार के सदस्यों की ही अहम भूमिका है। दूसरी ओर परिवारवाद के चलते या विरासत की जंग में अनेक क्षेत्रीय दलों का पतन होता जा रहा है। क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में अब तृणमूल कांग्रेस का नाम भी शामिल हो गया है।

# श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम के तत्वाधान में विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों के बीच पुस्तक का विमोचन

## देश के अनेक प्रदेशों ओर अनेक जिलों में काव्य की गूंज से महका भारत वर्षकवि अशोक गोयल राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के पिलखुवा में श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम अम्बेडकरनगर इकाई द्वारा हर बार की भाँति इस बार भी एक विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस कवि सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक वरिष्ठ कवि अशोक गोयल चक्रवर्ती ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री श्रीमती संध्या श्रीवास्तव 'सॉझ ' एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवयित्री एवं श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम की राष्ट्रीय प्रभारी वीना गोयल उपस्थित रहीं।




कार्यक्रम का संचालन श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम अम्बेडकरनगर इकाई के अध्यक्ष कवि एवं कहानीकार रामवृक्ष बहादुरपुरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत कवयित्री रीता गुगलानी द्वारा मां सरस्वती के सुंदर वंदना से प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में हास्य एवं व्यंग्यकार कवि ओम प्रकाश कुंतल के द्वारा लिखित एवं हाल ही में प्रकाशित पुस्तक ' कुंतल के व्यंग्य कोरोना के संग' का उपस्थित तमाम साहित्यकारों के मध्य सफलतापूर्वक विमोचन किया गया। इस पुस्तक के समाजिक महत्व तथा मानवीय मूल्यों की व्याख्या स्वयं कवि ओ.पी.कुंतल एवं तमाम साहित्यकारों द्वारा बारी बारी से की गयी। फिर कार्यक्रमाध्यक्ष, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के उद्बोधन से कार्यक्रम को आगे की गति प्रदान की गयी। काव्यपाठ का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें देश के कोने-कोने से एक से बढ़कर एक कवि, कवयित्री एवं साहित्यकारों ने भाग लिया और अपने अपने सुंदर गीत गजल तथा कविताओं से सभी का मन मोह लिया। जिनके रचनाओं में सामाजिक चिंतन,किसान, मजदूर शोषण एवं अत्याचार के विरुद्ध आन्दोलन की झलक स्पष्ट दिखाई दिए। कार्यक्रम में शामिल साहित्यकार साथी इस प्रकार हैं।कवयित्री-डॉ. ऋचा शर्मा 'श्रेष्ठा' करनाल (हरियाणा) डा.सुरेश चतुर्वेदी सुमनेश, भरतपुर राजस्थान विजय व्रत कंठ समस्तीपुर विनोद कुमार शर्मा आनन्द अलवर राजस्थान श्रीमती संध्या श्रीवास्तव सांझ छतरपुर मध्यप्रदेश सुनीता छाबड़ा गाजियाबाद सुमन वर्मा नजीबाबाद बिजनौर उत्तर प्रदेश ओ पी कुंतल राजस्थान डा.ओम प्रकाश द्विवेदी ओम आशुकवि पडरौना कुशीनगर तुलाराम निर्वाण अलवर रीता गुगलानी, फरीदाबाद रजनी सिंह, गाजियाबाद सीमा मुकुंद अग्रवाल रायपुर छत्तीसगढ़,चन्द्रकला शर्मा छत्तीसगढ़ शोभा प्रसाद, गुरुग्राम, हरियाणा,संगीता शुक्ला प्रयागराज आशा बिसारिया चंदौसी ऊषा सूद जी,नीरजा ठाकुर सरिता श्रीवास्तव आशा शर्मा, इंदौर म.प्र शिखा पाण्डेय सरायपाली छत्तीसगढ़,डा.अम्बे कुमारी बोध गया बिहार, कवयित्री कल्पना, कवयित्री किरन एवं बाल कवि हिंमाक गोयल एवं बाल कवि नन्दिका अग्रवाल आदि।

## बरखेड़ा पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप, न्याय की गुहार लगा रहा पीड़ित पत्रकार

वेलकम इंडिया ब्यूरो




**पीलीभीत/बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के निवासी पत्रकार हरिशंकर शर्मा ने स्थानीय सराफा व्यापारी कमलेश चांदी वाले एवं उनके पुत्रों के विरुद्ध कार्रवाई न होने पर पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने काफी समय पूर्व अपने सोने-चांदी के आभूषण व्यापारी के यहां गिरवी रखे थे, जिनमें कुल 16 गांठें शामिल थीं। उनका कहना है कि इनमें से सोने के कुछ आभूषणों का रिकॉर्ड नहीं दिखाया जा रहा है और उन्हें वापस करने में आनाकानी की जा रही है।

हरिशंकर शर्मा का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने जिला प्रशासन समेत कई उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका आरोप है कि व्यापारी और उनके पुत्रों ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा जान से मारने की धमकी भी दी थी।

पीड़ित ने यह भी दावा किया कि संबंधित दुकान पर जीएसटी विभाग द्वारा जांच की गई थी, जिसमें कुछ अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई और जुमार्ना लगाया गया था। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

पत्रकार का कहना है कि वह लंबे समय से न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं, दूसरी ओर आरोपी पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले की निष्पक्ष जांच कर क्या कार्रवाई करता है। क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और पीड़ित पक्ष न्याय की मांग कर रहा है।

# स्वास्थ्य मेले में चिकित्सा सेवाओं की दी गई जानकारियां

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**पीलीभीत।** भारत सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक परिसर में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने मेले का शुभारंभ कर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताई।



स्वास्थ्य मेले मे 150 से अधिक लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों द्वारा रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, नेत्र रोग, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच तथा गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, जन औषधि योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण, टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग, टीकाकरण संबंधी परामर्श तथा स्वास्थ्य शिक्षा गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वस्थ जीवनशैली, पोषण, स्वच्छता एवं रोगों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता संदेश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक विवेक वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने आमजन से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आलमगीर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## हाई टेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से महिला झुलसी, जिला अस्पताल रेफर

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**पीलीभीत बीसलपुर।** क्षेत्र के ग्राम मानपुर में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। खेत पर जा रही एक महिला रास्ते में टूटकर पड़े हाई टेंशन विद्युत तार से प्रभावित करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई।

संयोगवश उसी समय विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने से महिला की जान बच गई। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्राम मानपुर निवासी कालीचरण ने बताया कि उनकी पत्नी तुलसा देवी (36 वर्ष) शनिवार शाम लगभग 7 बजे खेत पर जा रही थीं। खेत तक पहुंचने वाले रास्ते में हाई टेंशन लाइन का तार पहले से टूटा पड़ा था। बताया जाता है कि तार के आसपास की जमीन और क्षेत्र में विद्युत करंट फैल रहा था।

जैसे ही तुलसा देवी उस स्थान से गुजरीं, वह करंट की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के दौरान महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। इसी बीच विद्युत आपूर्ति बंद हो जाने से करंट का प्रभाव समाप्त हुआ, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। महिला की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय, पीलीभीत रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार महिला का उपचार जारी है।

घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए टूटे पड़े तारों को समय रहते हटाने और हाई टेंशन लाइनों की नियमित निगरानी की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते टूटे तार की जानकारी पर कार्रवाई की जाती तो यह हादसा टाला जा सकता था। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जानकारी जुटाने में लगे हैं। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है।

# 13वा बालिका आत्मरक्षा व योग शिविर उद्घाटन कार्यक्रम

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में क्रीड़ा भारती हापुड़ के तत्वाधान में बालिका के लिए आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज स्वर्ग आश्रम रोड हापुड़ पर हुआ। शिविर के उद्घाटन में क्रीड़ा भारती के प्रदेश मंत्री डॉ विकास अग्रवाल, मेरठ प्रांत संगठन महामंत्री उमेश कुमार, प्रांत अध्यक्ष विशाल मित्तल, ज़िलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, विभाग संयोजक डॉ सुदर्शन त्यागी, कार्यक्रम अध्यक्ष बीना आर्य, जिला महिला अध्यक्ष वंदना सिंघल, जिला संरक्षक बृजेश गर्ग, जिला मंत्री मनप्रीत खैरा की उपस्थित रहे।



नगर अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बताया कि सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षक रोहताश सिंह,गीतिका सिंह व शूटिंग प्रशिक्षक अंकुश चौधरी के द्वारा बालिकाओं को जूडो कराटे, दंड (लाठी) चलाना व शूटिंग का अभ्यास कराया गया। जिसमे प्रथम दिन 190 बालिकाओं ने भाग लिया। जिला महिला मंत्री सुनीता स्वामी ने कहा कि की आपात स्थिति में लड़कियां खुद को कैसे बचाना है।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों में असामाजिक तत्वों से खुद का बचाव करने और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने की क्षमता और आत्मविश्वास पैदा करना है। बेटियों की आत्मरक्षा का लिये सेल्फ डिफेन्स की ट्रेनिंग लेना जरूरी है। सेल्फ डिफेंस संयोजिका नीलम गुप्ता ने बताया की योग शिविर प्रांत 05:30 बजे से 7:00 बजे तक और आत्मरक्षा शिविर रोजाना सायः 5:00 बजे से 7:00 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम में मंच संचालन अंजू आजाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गुंजन गर्ग,संतोष अग्रवाल,परवीन कुमार, मोहित शर्मा, प्रीति वर्मा,बृजेश,अंजलि गर्ग,अतुल अग्रवाल, वर्षा गर्ग,अर्चित, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी बालिकाओं को जलपान वितरित किया गया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे HPV टीकाकरण आज कुल 28लाभाथीयों का हुआ टीकाकरण



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के सभी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे ल्ढश टीकाकरण किया गया,आज कुल 28 लाभाथीयों को HPV का टीकाकरण किया गया, इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कस्टला में उपस्थित रहे,साथ में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा योगेश गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी डॉ कपिल गौतम, RRT JSI से कासिम मौजूद थे।साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी जनमानस से अनुरोध किया कि वो अपनी 14 वर्ष की बालिकाओं को HPV टीकाकरण सभी सरकारी अस्पताल निःशुल्क में करा सकते है।

# सपा ने घोषित की बीसलपुर नगर कार्यकारिणी, तन्जीफ रजा बने नगर अध्यक्ष सपा नेत्री दिव्या गंगवार

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**पीलीभीत/बीसलपुर।** समाजवादी पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से बीसलपुर नगर कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिला कार्यालय पीलीभीत में आयोजित संगठनात्मक बैठक में जनपद प्रभारी वीरपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा तथा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार की उपस्थिति में नई नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया।



बैठक में तन्जीफ रजा को समाजवादी पार्टी का नगर अध्यक्ष, बीसलपुर मनोनीत किया गया। वहीं अमित कुमार को नगर महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा रिफाक शेख, अभिषेक गंगवार और पंकज गंगवार को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि मोहम्मद आरिश को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नई कार्यकारिणी में सलमान खान, फरहान शेख उर्फ भप्पू, कपिल गंगवार, उस्मान शेख एवं मोहम्मद उवैस को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पप्पू भाई, सैफ अली, आसिफ शेख, नाज़िम, राशिद मंसूरी और आरिफ अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य करेगी।

नवनियुक्त नगर अध्यक्ष तन्जीफ रजा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## जोगराजपुर में घायल आवारा पशुओं के लिए मसीहा बने वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार श्रीवास्तव, स्वयं खड़े होकर कराया उपचार



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** तहसील पूरनपुर की ग्राम पंचायत जोगराजपुर में मानवता और पशु प्रेम की एक मिसाल देखने को मिली। ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार श्रीवास्तव ने घायल एवं असहाय आवारा पशुओं की मदद कर उन्हें नया जीवन देने का सराहनीय कार्य किया। ग्राम पंचायत जोगराजपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में कई आवारा पशु घायल अवस्था में घूम रहे थे। किसी पशु के शरीर पर गहरे घाव थे तो कोई संक्रमण और दर्द से कराह रहा था। बेजुबान पशुओं की यह स्थिति देखकर राजकुमार श्रीवास्तव ने उनकी मदद का संकल्प लिया और तत्काल उपचार की व्यवस्था में जुट गए। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों, समाजसेवियों एवं पशुप्रेमियों के सहयोग से घायल पशुओं को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद पशुओं के घावों की सफाई कराई गई और आवश्यक दवाएं लगवाई गईं। बताया जाता है कि उपचार के लिए जरूरी कुछ दवाएं संबंधित विभाग के पास उपलब्ध नहीं थीं। ऐसे में राजकुमार श्रीवास्तव ने बाजार से दवाएं मंगवाकर पशुओं का इलाज कराया। उपचार के दौरान राजकुमार श्रीवास्तव स्वयं मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने पशुओं की स्थिति पर लगातार नजर रखी और उनके बेहतर उपचार के लिए हर संभव प्रयास किया। उनके इस मानवीय कार्य से घायल पशुओं को काफी राहत मिली और कई पशुओं की हालत में सुधार देखने को मिला। ग्रामीणों ने राजकुमार श्रीवास्तव के इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ग्रामीणों का कहना है कि आज के समय में जहां अधिकांश लोग घायल पशुओं की ओर ध्यान नहीं देते, वहीं उन्होंने बेजुबान जीवों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पशु भी प्रकृति और समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं तथा उनकी रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। राजकुमार श्रीवास्तव द्वारा किए गए इस सेवा कार्य ने न केवल पशुओं को राहत पहुंचाई है, बल्कि समाज में मानवता, करुणा और पशु संरक्षण का संदेश भी दिया है। जोगराजपुर में घायल आवारा पशुओं के लिए आगे आए वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार श्रीवास्तव का यह कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने उन्हें बेजुबान पशुओं का सच्चा हितैषी और मसीहा बताया है।

# ग्रामीणों की शिकायत पर हरकत में आया लोक निर्माण विभाग, 15 दिन में पुलिया निर्माण पूरा कराने का आश्वासन

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**पीलीभीत।** बीसलपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैसटा जलालपुर में गत वर्ष आई भीषण बाढ़ के दौरान सड़क एवं पुलिया कट जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने जिलाधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए लोक निर्माण विभाग से तत्काल प्रस्ताव एवं एस्टीमेट तैयार कराकर शासन को भेजने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सड़क एवं बड़ी पुलिया निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत हुई और निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।

हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। ग्राम प्रधान इस्तियाक अल्वी, रामवीर सिंह तथा अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्षा ऋतु निकट है, लेकिन अभी तक पुलिया का लिंटर भी नहीं डाला गया है।



यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो बरसात में एक बार फिर ग्रामीणों को लगभग छह किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ेगा। ग्रामीणों की शिकायत पर क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक एवं किसान नेता देव स्वरूप पटेल निमार्णाधीन पुलिया का निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर उन्होंने पाया कि पुलिया पर जाल बिछा हुआ है, लेकिन निर्माण कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रहा है। इस दौरान किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने ग्रामीणों के सामने ही लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता डी.के. जैन से दूरभाष पर वार्ता की।

अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता को तत्काल मौके पर भेजा जाएगा तथा अगले ही दिन पुलिया का लिंटर डलवाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि आगामी 15 दिनों के भीतर पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता के आवागमन हेतु मार्ग उपलब्ध करा दिया जाएगा। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का स्पष्ट निर्देश है कि गत वर्ष बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए सभी मार्गों को आगामी बाढ़ से पहले दुरुस्त किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर पुलिया और सड़क को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए।

# निहंग सिंघों के हमलावरों की गिरफ्तारी न होने के विरोध में समूह संगत ने दिया धरना

## दो दिन में तल्हेड़ी चौकी प्रभारी के निलंबन व दोषियों को जेल भेजने के आश्वासन पर समाप्त हुआ

राजीव मोंगरा

**देवबंद(वेलकम इंडिया)।** एक सप्ताह पूर्व तल्हेड़ी में निहंग सिंघ भाईयों पर हुए हमले के आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न होने पर आक्रोशित जिले की समूह संगत ने किसान यूनियनों, सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर एसडीएम कोर्ट देवबंद पर धरना-प्रदर्शन किया।

सीओ के दो दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी होने व तल्हेड़ी चौकी प्रभारी के निलंबन के लिए रिपोर्ट भेजने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि यदि इस बार भी प्रशासन वादे पर पूरा नहीं उतरता तो 16 जून को दोबारा आंदोलन किया जाएगा।

निहंग सिंघों को इंसाफ दिलाने हेतु समूह संगत जिला सहारनपुर के बैनर तले सीओ कार्यालय देवबंद पर आयोजित धरने को सम्बोधित करते हुए धरने का नेतृत्व कर रहे बाबा रणजीत सिंह पनियाली ने कहा कि निहंग सिंघों के हमलावारों पर कार्रवाई के नाम पर पुलिस ढुलमुल रवैया अपना रही है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। कहा कि कार्रवाई के नाम पर प्रशासन बार- बार हमें गुमराह कर रहा है। भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने कहा कि पूरे मामले में तल्हेड़ी पुलिस चौकी प्रभारी की कार्यप्रणाली पूरी तरह संदेह जनक रही है।

यदि इंसाफ नहीं मिला तो किसान यूनियन सिख समाज के साथ डटकर विरोध करेगा। गुरूद्वारा गुरू सिंघ सभा के प्रधान सुजसबीर सिंह, महामंत्री



अमनदीप सिंह, देवबंद गुरूद्वारा प्रधान सेठ कुलदीप कुमार, रामपुर मनिहारान गुरूद्वारा प्रधान मनजिंदर सिंह, नानौता प्रधान भूपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक शशि बाला पुंडीर, भाकियू वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह, परविंदर सिंह, कालूराम प्रधान, चंद्रजीत सिंह निक्कू, सपा नेता टिंकू अरोड़ा, अरूण राणा, पंजाबी समाज अध्यक्ष सतीश गिरधर आदि ने भी सम्बोधित किया। सुबह 11 बजे से चल रहे धरने पर दोपहर ढाई बजे एसडीएम व सीओ अभितेष सिंह पहुंचे।

धरना दे रहे लोगों ने सीओ अभितेष सिंह से पुलिस की कार्रवाई पर रोष व्यक्त करते हुए तल्हेड़ी पुलिस चौकी प्रभारी लोकेश राणा के निलंबन व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

सीओ अभितेष सिंह ने दो दिन में कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। बाबा रणजीत सिंह ने कहा कि यदि प्रशासन ने कार्रवाई न की तो 16 जून को दोबारा और तेज आंदोलन होगा।

अध्यक्षता बाबा छबेग सिंह कोटा व संचालन पनियाली गुरूद्वारा कमेटी सचिव हरजीत सिंह व देवबंद गुरूद्वारा कमेटी सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने किया।

इस दौरान बाबा अजीत सिंह, बाबा गुलजार सिंह, बाबा विजय सिंह, बालेंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह धीर, डा.गुरदीप सिंह सोढी, राजेश अजमानी, बलदीप सिंह, कुणाल गिरधर, सचिन छाबड़ा, मनजोत सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, जसमीत सिंह बराड़, लाडी सरसावा, सुरजीत सिंह फंदपुरी, रवि रंगूला, कपिल डाबर, संतोष सिंह, श्याम लाल भारती, प्रभजोत सिंह, रवि होरा, मंगू सचदेवा, ईश्वर उपाध्याय, रिच्छपाल सिंह, लाडी कपूर गंगोह आदि मौजूद रहे।

धरने की समाप्ति के बाद सीओ अभितेष सिंह ने न्याय की मांग को लेकर सुबह से अन्न-जल त्याग कर अनशन पर बैठे युवक चरणप्रीत को पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया। समूह साध संगत द्वारा दिए गए धरने में पूरे जिले की गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटियों के अलावा, भाकियू टिकैत, भाकियू वर्मा, सनातन सभा ट्रस्ट, नगर उद्योग व्यापार मंडल, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नागल व्यापार मंडल व कई संगठनों का समर्थन मिला।

# ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत हापुड़ नगर पुलिस को मिली सफलता, अवैध असलहा सहित अभियुक्त गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ के निदेर्शानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध असलहा बरामद किया है।थाना प्रभारी कोतवाली हापुड़ मनीष चौहान के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से अवैध हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निगम का उद्देश्य महानगर को एक आदर्श शहर बनानाः महापौर

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 42 की नंद विहार कॉलोनी में विधिवत पूजा अर्चना के बाद सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का सड़क पर गेंती मारकर शुभारंभ किया।

नगर विधायक राजीव गुंबर व अनेक पार्षद भी इस अवसर पर मौजूद रहे। नगर निगम निधि से निर्मित होने वाली सड़क व नाली निर्माण पर करीब ग्यारह लाख रुपये का व्यय आयेगा। नंद विहार में पिछले काफी समय से क्षेत्रवासियों द्वारा सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग की जा रही थी।

आज महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर नंद विहार पहुंचे तो पार्षद के के बत्रा व क्षेत्र के लोगों ने महापौर व नगर विधायक का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इससे जहां आवागमन में सुविधा मिलेगी वहीं जल निकासी की समस्या का भी समाधान होगा और स्वच्छता में भी और अधिक सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में सहारनपुर नगर निगम ने सड़कों, नालियों एवं अन्य विकास कार्यो में नये आयाम स्थापित किये है।

निगम का प्रयास, अपने नागरिकों को श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध कराना, महानगर को एक आदर्श शहर के रुप में विकसित करना और विकास के साथ शहर के लोगों का सामाजिक व आर्थिक स्तर ऊंचा उठाना है।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सहारनपुर महानगर में विकास की बयार बह रही है। प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराये जा रहे है और यह सिलसिला लगातार चलता रहेगा।

इस अवसर पर पार्षद मुकेश गक्खड़ व पार्षद मनोज प्रजापति सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता और क्षेत्र के लोग शामिल रहे।

# खटीमा में 'जन-जन की सरकार, मुख्य सेवक आपके द्वार' कार्यक्रम मे सीएम ने प्रतिभाग किया




वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा मे 'जन-जन की सरकार, मुख्य सेवक आपके द्वार' कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उनकी प्रगति की समीक्षा की। साथ ही गर्भवती महिलाओं को महालक्ष्मी किट एवं मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान सरकारी योजनाओं से लाभान्वित स्वयं सहायता समूह की बहनों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। इस अवसर पर ग्रामोत्थान परियोजना के तहत संचालित दीदी कैफे का शुभारंभ भी किया, जो महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभान्वितों को चेक भी सौंपे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति, युवाओं, वरिष्ठजनों, कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों से मिले स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूं।

# देवेंद्री और जगपाल बने जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने मनोनयन पत्र देकर किया सम्मानित

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने भीम नगर निवासी देवेन्द्री और जगपाल को जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव के पर नियुक्त कर उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने दोनों पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपकर उन्हें बधाई दी हैं और हर्ष जताया है। दोनों पदाधिकारियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी को आश्वासन दिलाया हैं कि वे संगठन से जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और सरकार की आम जनता विरोधी नीतियों का खुलकर विरोध करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी पार्टी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा हैं कि सभी पदाधिकारी गण अपने अपने घरों पर पार्टी का झंडा जरूर लगाए। क्योंकि इससे पार्टी का प्रचार प्रसार तो होगा ही। साथ ही कार्यकताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा हैं कि देश और प्रदेश की जनता अब



भाजपा सरकार के शासन से त्रस्त हो चुकी है और आगामी चुनावों में देश और प्रदेश में परिवर्तन का पूरा पूरा मूड बना चुकी हैं। सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आज हर तबके का व्यक्ति कांग्रेस से जुड़ रहा हैं और भाजपा सरकार के विरोध में कमर कसकर तैयार खड़ा हैं। उन्होंने कहा हैं कि सरकार की दमनकारी नीतियों का हम खुलकर विरोध करेंगे। इस दौरान कार्यालय सचिव प्रेम कुमार, जिला महासचिव व मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, जिला महासचिव संजय छाबड़ा, कंट्रोल रूम प्रभारी गोपाल भारती, महबूब अली आदि लोग मौजूद रहे!

# मीडिया मंच के पदधिकरियो ने पूर्व सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी राघव लखन पाल शर्मा से की शिष्टाचार भेंट



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** मीडिया मंच पत्रकार सन्गठन के पदधिकरियो ने आज अध्यक्ष आलोक अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्व सांसद व भजापा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी राघव लखन पाल शर्मा से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया, अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने उनके साथ वर्तमान घटनाक्रम ओर आगामी आने वाले चुनावों पर बातचीत की, तथा नगर संगठन के द्वारा व्यापारी , समाजिक के साथ पत्रकारो की उपेक्षा की जानकारी दी।

आलोक अग्रवाल नेबातचीत में कहा कि आगामी चुनाव 2027 आने वाले है लेकिन लगता है कि नंगे संगठन एक सोची समझी रणनीति के तहत सभी के साथ उपेक्षा का वातावरण तैयार कर रहे है, वार्ता के दौरान मंच के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने पूर्व सांसद से नगर की वास्तविक राजनीतिक स्तिथी को लेकर भाजपा के उपरी संगठन को अवगत कराएं जाने का अनुरोध किया। इस दौरान महासचिव मोनू कुमार, उपाध्यक्ष अबलीश गौतम, उपाध्यक्ष कमल गर्ग, सचिव मुराद अली, विनय जैन, कुणाल मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# निगम का उद्देश्य महानगर को एक आदर्श शहर बनानाः महापौर

## वार्ड 42 नंद विहार कॉलोनी में महापौर ने किया सीसीरोड व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 42 की नंद विहार कॉलोनी में विधिवत पूजा अर्चना के बाद सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का सड़क पर गेंती मारकर शुभारंभ किया।

नगर विधायक राजीव गुंबर व अनेक पार्षद भी इस अवसर पर मौजूद रहे। नगर निगम निधि से निर्मित होने वाली सड़क व नाली निर्माण पर करीब ग्यारह लाख रुपये का व्यय आयेगा।

नंद विहार में पिछले काफी समय से क्षेत्रवासियों द्वारा सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर नंद विहार पहुंचे तो पार्षद के के बत्रा व क्षेत्र के लोगों ने महापौर व नगर विधायक का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इससे जहां आवागमन में सुविधा मिलेगी वहीं जल निकासी की समस्या का भी समाधान होगा और स्वच्छता में भी और अधिक सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में सहारनपुर नगर निगम ने सड़कों, नालियों एवं अन्य विकास कार्यो में नये आयाम स्थापित किये है।

निगम का प्रयास, अपने नागरिकों को श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध कराना, महानगर को एक आदर्श शहर के रुप में विकसित करना और विकास के साथ शहर के लोगों का सामाजिक व आर्थिक स्तर ऊंचा उठाना है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सहारनपुर महानगर में विकास की बयार बह रही है।

प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराये जा रहे है और यह सिलसिला



लगातार चलता रहेगा। इस अवसर पर पार्षद मुकेश गक्खड़ व पार्षद मनोज प्रजापति सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता और क्षेत्र के लोग शामिल रहे।

# ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी में राजीव गुप्ता बने जिला महासचिव

राजेंद्र सिंह




**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजीव गुप्ता को जनपद हापुड़ का जिला महासचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा द्वारा जारी नियुक्ति-पत्र के माध्यम से की गई।प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि राजीव गुप्ता की पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं संगठनात्मक क्षमता से जनपद में पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा संगठन का विस्तार होगा।नवनियुक्त जिला महासचिव राजीव गुप्ता ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राजीव गुप्ता को जिला महासचिव नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यू.पी. आई.एम.ए. स्टेट वर्किंग कमेटी की मीटिंग का हुआ सफल आयोजन

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सहारनपुर ब्रांच द्वारा दिल्ली रोड स्थित होटल के सभागार मे यू.पी. आई.एम.ए. स्टेट वर्किंग कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे पूरी यू.पी.से करीब 150 चिकित्सको ने भाग लिया,और सहारनपुर मे इस मिटिंग का आयोजन 18 साल बाद किया गया।मुख्य अतिथी यू.पी.आई.एम.ए. के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव गोयल ने कहा कि सरकार को चिकित्सको का पंजीकरण, फायर एन.ओ.सी.,प्रदूषण एन.ओ.सी.का सरलीकरण करना चाहिए तथा चिकित्सको का उत्पीड़न रोका जाना चाहिए।आई.एम.ए. के पूर्व





राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा यू.पी.आई.एम.ए के संरक्षक डॉक्टर शरद अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सको का उत्पीड़न किसी भी दशा मे बर्दाश्त नही किया जाएगा अगर किसी चिकित्सक को कोई समस्या है तो आई.एम.ए. को उस समस्या का निदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यू.पी.आई.एम.ए. द्वारा आओ गांव चले। अभियान के अन्तर्गत करीब 84 गांवो को गोद लिया हुआ है। विशिष्ट अतिथि मेयर डॉक्टर अजयसिंह ने सभी आई.एम.ए के पूर्व अध्यक्षो को शाल पहनाकर सम्मानित किया,और उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सको के साथ है किसी भी चिकित्सक का उत्पीड़न नही होने दिया जाएगा। सी.एम.ओ.डॉक्टर प्रवीण कुमार ने आई.एम.ए द्वारा आयोजित इस मिटिंग की सराहना की।

आई.एम.ए के अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण शर्मा ने कहा ,सहारनपुर ब्रांच के लिए यह सौभाग्य की बात है ,हमे इस मिटिंग का आयोजन करने का अवसर मिला ,और उन्होंने कहा कि आज-कल कुछ लोग पैसे उगाही के चक्कर मे चिकित्सको का उत्पीड़न कर रहे ऐसे लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम सचिव डॉक्टर मंदीप सिंह ने सभी अतिथियो का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आई.एम.ए स्टेट सचिव डॉक्टर आशीष अग्रवाल तथा डॉक्टर रेणू शर्मा ने किया।कार्यक्रम के आयोजन मे सचिव डॉक्टर नीरज आर्य, कोषाध्यक्ष डॉक्टर अनुपम मलिक, डॉक्टर कलीम अहमद, डॉक्टर नरेश नौसरान, डॉक्टर विकास अग्रवाल, डॉक्टर डी.के.गुप्ता,डॉक्टर राहुल सिंह का विशेष योगदान रहा।इस मौके पर आई.एम.ए यू.पी. स्टेट कोषाध्यक्ष डॉक्टर वाणी कपूर ,डॉक्टर आनंद प्रकाश, डॉक्टर रवीश अग्रवाल, डॉक्टर मोहन सिंह, डॉक्टर वी.बी.जिन्दल,डॉक्टर रविन्द्र गोयल, डॉक्टर रवि मेहरा,डॉक्टर गुरमीत, डॉक्टर रजनीश दहूजा, डॉक्टर जयपाल चन्द, डॉक्टर पंकज खन्ना,डॉक्टर भरत वार्ष्णेय, डॉक्टर महेश चन्द्रा,डॉक्टर महेश ग्रोवर, डॉक्टर पंकज गुप्ता,डॉक्टर संदीप गर्ग, डॉक्टर प्रशान्त खन्ना, डॉक्टर रवि ठक्कर, डॉक्टर हिमॉशु मेहता डॉक्टर राजेश शर्मा, डॉक्टर रविकांत निरंकारी आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

# ऋषिकेश यात्रा कर की आध्यात्मिक एवं दिव्य वातावरण की अनुभुति



राजीव मोंगरा

**गंगोह(वेलकम इंडिया)।** वन्दे मातरम्-राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा एकदिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक ऋषिकेश यात्रा के दौरान राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार हेतु संकल्प लिया। समिति सदस्यों ने धर्मनगरी ऋषिकेश के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर पावन गंगा तट पर आध्यात्मिक एवं दिव्य वातावरण की अनुभुति की।

अध्यक्ष शालू चौधरी, रुपाली अग्रवाल, खुशी नागपाल के अलावा रितु गोयल, मनीषा शर्मा, अंशुल शर्मा, सोनिया सैनी, रुचि गोयल, बालेश देवी, दीपा, सोनम चौधरी आदि रही।

# देश में महंगाई चरम पर है बेरोजगारी से युवा त्रस्त है: प्रवीण चन्द्र पाण्डेय

## संगठन सृजन अभियान: मेहदावल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मजबूत पहल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** कांग्रेस पार्टी ने जनहित के मुद्दे पर हमेशा आवाज बुलंद की है और आगे भी करती रहेगी। कांग्रेस ने कभी धर्म- जाति की राजनीति नहीं करती। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने मेहदावल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जब्बार न्याय पंचायत के अंतर्गत गोविंदपुर (मईला) गांव में स्थित मां काली के पवित्र स्थान पर ब्लॉक अध्यक्ष विनय पाण्डेय की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं।




उन्होंने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है बेरोजगारी से युवा त्रस्त है। किसानों को खाद की समस्या झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस ने देश की सभी समस्याओ को लेकर हमेशा आवाज बुलंद कर रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव हम सबका भविष्य तय करेगा।

जिला उपाध्यक्ष सैयद तारिक हुसैन ने कहा कि कांग्रेस के शासन में शिक्षा के लिए विद्यालयों की स्थापना की। एम्स सहित चिकित्सालयों की स्थापना की।

तकनीकी के क्षेत्र में देश को मजबूत किया। भाजपा सरकार के 12 वर्षों में विकास के बजाय लोगों को धर्म और जाति, मंदिर मस्जिद में उलझा दिया गया।



ब्लाक अध्यक्ष विनय पाण्डेय ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर कांग्रेस पार्टी की उपस्थिति को बढ़ाना, स्थानीय इकाई को अधिक गतिशील बनाना और नए साथियों को संगठन से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम को जिला सचिव अतीक सिद्दीकी, सतीश साहनी, अखण्ड बहादुर पाल (एडवोकेट), नीलम चतुर्वेदी ने भी संबोधित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष विनय पाण्डेय और संचालन सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष मुहम्मद परवेज अख्तर ने किये।

इस अवसर पर मो० परवेज अख्तर (जिलाध्यक्ष, सोशल मीडिया), महेश कुमार (जिलाध्यक्ष, एससी विभाग), निसार अहमद (ब्लॉक अध्यक्ष, सांथा), राजेन्द्र चतुर्वेदी, सत्या त्रिपाठी (जिला उपाध्यक्ष, सोशल मीडिया), सचिन कुमार (सोशल मीडिया महासचिव), मंजू त्रिपाठी (सोशल मीडिया महासचिव), राम शरण सिंह (सोशल मीडिया वि.स. कोआर्डिनेटर), बृजेश विजय सेन (बूथ अध्यक्ष, जब्बार), राम सबद चौधरी, रमेश चौधरी (ब्लॉक महासचिव), कमल किशोर शुक्ला, संजय पाण्डेय आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मुजफ्फरनगर जनपद के बघरा निवासी 22 वर्षीय रिहान पुत्र इस्लाम दो दिन पूर्व बाइक से कांधला कस्बे से शामली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गांव नानूपुरी के निकट पहुंचा, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिहान गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी थी। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया ।मृतक के पिता इस्लाम ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# घर के बाहर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## दो दिन बाद भी नहीं हुई फायरिंग प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी पीड़ित ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी में घर के बाहर फायरिंग कर एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दो नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है ।थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ऋषिपाल पुत्र रामफल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि विगत 12 जून की रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर सो रहा था। इसी दौरान घर के बाहर से गाली-गलौज और फायरिंग की आवाज सुनाई दी। आरोप है कि एक गोली उसके घर के गेट में आकर लगी ।शोर सुनकर जब वह छत



से बाहर की ओर देखने आया तो सामने गांव के ही दिनेश पुत्र वीरेंद्र, आशु पुत्र तेजवीर तथा एक अन्य युवक खड़े दिखाई दिए। आरोप है कि उसे देखते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नियत से दिनेश ने तमंचे से उस पर फायर कर दिया। हालांकि वह किसी तरह बाल-बाल बच गया। पीड़ित के अनुसार, फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए, जिसके बाद आरोपी उसे और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित व्यक्ति ने जनपद के उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सुरक्षा की गुहार लगाई है पीड़ित का आरोप है कि तीन दिन बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं जिनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# शोक सभा में दिवंगत पत्रकार की शांति के लिए परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी

**राजीव मोंगरा**

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** रविवार को बिहारीगढ़ कस्बे में स्थित वरिष्ठ पत्रकार कंवर सिंह सिद्धू के आवास पर स्थानिय पत्रकारों की एक शोकसभा आयोजित की गई।

शोक सभा में बिहारीगढ़ क्षेत्र के दैनिक सच कहूं समाचार पत्र के संवाददाता देवेंद्र सैनी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। जानकारी के अनुसार देवेंद्र सैनी का 11 जून को देहरादून के जॉली ग्रांट अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनकी स्मृति में उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।



शोकसभा में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार कंवर सिंह सिद्धू, सुनील जायसवाल, मास्टर उधम सिंह चौहान, यशपाल प्रजापति, संजय सैनी एडवोकेट, ब्रजकिशोर गोयल, सरदार जगत सिंह सिद्धू, डॉक्टर संकित भड़ाना, दैनिक जागरण के पत्रकार तपेंद्र सैनी, अमर उजाला से अशोक कुमार, मानव जगत से अजय सैनी, दैनिक सच कहूं से सुधीर सैनी, मास्टर नगेंद्र सैनी सहित अन्य पत्रकार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ्य मेला' का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** रविवार को समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा के जिला मंत्री अनिल पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल यादव व अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डॉ. जावेद अख्तर, आईओ मोहम्मद कौसर खां, बीपीएम राजेश पाण्डेय, अफजाल अहमद आदि मौजूद रहे।

मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसागर चौधरी, राम पुरुषोत्तम गुप्ता, राजकुमार कनौजिया, शिव नारायण दुबे, शिव शंकर, अशोक चौरसिया, अर्जुन प्रसाद, जुबेर अहमद को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य मेले में आम जनमानस की सुविधा के लिए लगाए गए विभिन्न स्टालों का गहन निरीक्षण





किया और वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं व दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। जिला मंत्री अनिल पाण्डेय ने कहा कि अंत्योदय और जन-स्वास्थ्य के प्रति समर्पित हमारी सरकार निरंतर हर नागरिक तक उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों को एक ही छत के नीचे बेहतरीन स्वास्थ्य परामर्श, जांच और दवाइयां उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

# अपहरण मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप, डीआईजी से लगाई गुहार

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सहारनपुर मंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी रामकिशन पुत्र प्रकाशा ने डीआईजी को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव निवासी मोनू पुत्र हरपाल विगत 21 मई को कथित रूप से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने अगले दिन थाने पहुंचकर शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

पीड़ित का आरोप है कि कई बार थाने के चक्कर लगाने के बावजूद पुलिस ने उसकी पुत्री की बरामदगी के लिए कोई प्रयास नहीं किया।

इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक शामली से शिकायत की, जिसके बाद थाने की पुलिस ने छह जून को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने आरोपी की तलाश और नाबालिग पुत्री की बरामदगी के लिए गंभीरता नहीं दिखाई।

उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी के घर जाकर भी पुलिस द्वारा कोई पूछताछ नहीं की गई तथा थाने पर जाने पर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। पीड़ित ने डीआईजी से अपनी नाबालिग पुत्री की शीघ्र बरामदगी तथा आरोपी और उसके सहयोगियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित व्यक्ति ने अपना एक शिकायती पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री को भेज कर न्याय की गुहार लगाइए और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाये है।

# 26 वर्षों से राज्य बंटवारे की धारा 49 का दंश झेल रहे लाखों पेंशनर्स को समय पर महंगाई राहत मिलने की आस जगी

**राकेश डी पी पाठक**

**जबलपुर(वेलकम इंडिया)।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव ने विगत दिवस एक कार्यक्रम में घोषणा की है कि राज्य के पेंशनर्स को अब महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत के लिए मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य बंटवारे की धारा 49 से मुक्ति मिलेगी अर्थात इसके कारण इंतजार नहीं करना होगा। राकेश डी पी पाठक ने कहा कि 26 वर्षों से लाखों पेंशनर्स इस धारा 49 का दंश झेल कर महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत में भेदभाव का सामना करते आ रहे हैं, उन्हें अब समय पर महंगाई राहत मिलने की आस जगी। राकेश डी पी पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की इस घोषणा का हृदय से



अभिनंदन और आभार व्यक्त करता है।

पाठक ने कहा कि फेडरेशन लम्बे समय से लगातार राज्य सरकार और ऊर्जा विभाग से अपील करते हुए आग्रह करता आ रहा है कि पेंशनरों को मंहगाई राहत नियमित कर्मियों के साथ ही एक समान रूप से देना चाहिए। नियमित कर्मचारियों के महंगाई भत्ता और पेंशनर्स को देए महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत में लम्बे समय से अंतर चला आ रहा है ।पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश पुनर्गठन 2000 की धारा 49 (6) का विलोपन किया जाएं जिससे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग नौ लाख पेंशनरों को राज्य कर्मचारियों को देय तिथि से ही मंहगाई राहत का लाभ मिल सकेगा। पाठक ने कहा कि राज्य के बटवारे की धारा 49(6)बर्ष 2000 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों पर लागू होती है किन्तु शासन के कुछ तत्कालीन अधिकारियों के द्वारा इसकी गलत व्याख्या कर इसे 2000 के बाद सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों, पेंशनर्स पर भी लागू कर दी गई थी। इस कारण आज 26 वर्षों से पेंशनर्स लगातार परेशान हो रहे हैं। उनके साथ इस धारा के नाम से लम्बे समय से भेद-भाव हों रहा था। महामंत्री ने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी से आग्रह किया है कि मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग के आधीन सभी बिजली कंपनियों के पेंशनर्स की पेंशन की सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकार द्वारा ली जाना चाहिए। पाठक ने कहा कि पेंशनरों को 70,75,80,85,90,95, और 100 वर्ष के साथ ही क्रमशः 5 प्रतिशत,10 प्रतिशत, 15 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 40 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 100 प्रतिशत का अतिरिक्त लाभ दिया जाए। एवं प्रदेश के सभी सेवा निवृत्त 65 वर्ष की आयु वाले पेंशनर्स को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएं। फेडरेशन के महामंत्री राकेश सहित फेडरेशन के सभी साथियों ने माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया ।

# भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को राहत मुफ्ती वाडा में रखा गया 250 केवी का नया ट्रांसफार्मर



**शिकारपुर(वेलकम इंडिया)।** बढ़ती गर्मी और बिजली के बढ़ते लोड को देखते हुए विद्युत विभाग शिकारपुर पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रहा है नगर के मौहल्ला मुफ्ती वाडा में स्थानीय निवासियों को बिजली कटौती और लो–वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए विद्युत विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है उपभोक्ताओं की परेशानी को गम्भीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ रामआशीष यादव, के निर्देशन में मौहल्ले में 250 केवी का नया ट्रांसफार्मर रखवा दिया गया है इसके साथ ही क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई बिजली की लाइन भी डलवाई गई है जनता को निर्बाध बिजली देने की कोशिश भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की मांग काफी बढ़ गई है जिससे पुराने ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा था एसडीओ रामआशीष यादव, ने बताया कि विभाग की पूरी कोशिश है कि जनता को इस तपती गर्मी में कोई परेशानी न हो नया ट्रांसफार्मर लगने और नई लाइन डलने से अब क्षेत्र के लोगों को ट्रिपिंग और लो–वोल्टेज की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा बिजली की सप्लाई मिल सकेगी विद्युत विभाग और एसडीओ रामआशीष यादव, के इस त्वरित और सराहनीय प्रयास के लिए मौहल्ला मुफ्ती वाडा के निवासियों ने विभाग का आभार व्यक्त किया है स्थानीय लोगों का कहना है कि नए ट्रांसफार्मर से अब गर्मी के इस मौसम में बिजली की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

# डीएम ने प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा-2025 का किया निरीक्षण, 1204 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 1292 रहे अनुपस्थित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार द्वारा जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इण्टर कॉलेज (प्रा0) परीक्षा-2025 को सकुशल, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न करने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्र मौलाना आजाद इण्टर कॉलेज खलीलाबाद सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं/सुविधाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद संतकबीरनगर के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कार्यशीलता, बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करानें/शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारीगण को शासन द्वारा जारी दिशा निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इण्टर कॉलेज (प्रा0) परीक्षा-2025 दिनांक 14 जून, 2026 (रविवार) को पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक जनपद में निर्धारित 06 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल, शुचितापूर्ण सम्पन्न हुयी। परीक्षा हेतु जनपद में आवंटित कुल 2496 के सापेक्ष 1204 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 1292 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# सएसपी के आदेश पर 3 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्याना/बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह को संबोधित प्रार्थनापत्र में स्याना के मोहल्ला नई बस्ती वाल्मीकि निवासी बबली ने अवगत कराया कि वह गाजियाबाद नगर निगम में नौकरी करता है तथा 23 मई की शाम गाजियाबाद से अपने घर आया हुआ था। उसके पुत्र राजा से किसी बात को लेकर थाने के पीछे मोहल्ले के निवासी बिजेन्द्र से कहासुनी हो गयी थी तथा फिर दोनों का बीच–बचाव हो गया था। आरोपित किया कि कुछ समय बाद बिजेन्द्र व उसके पुत्र अंकित व भरत उसके घर आये और बबली, राजा व पुत्रवधु आरती के साथ मारपीट करने लगे। बबली ने अवगत कराया कि मारपीट से उसकी 2 पसली 2 जगह से टूट गईं और उसे व पुत्रवधु के काफी गम्भीर चोटें आयी। पुलिस द्वारा जिला अस्पताल बुलन्दशहर पर मेडिकल कराया गया। अवगत कराया कि उसके दादालाई मकान के हिस्से पर भी उक्त लोगों ने कब्जा कर रखा है। बबली ने पुलिस कप्तान से आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस कप्तान के आदेश पर स्याना कोतवाली पर बबली के प्रार्थनापत्र पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक उज्जवल कुमार को सौंपी गई है।

# महिला ने ननद नंदोई के विरुद्ध कराई रिपोर्ट दर्ज

**स्याना/बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** स्याना कोतवाली पर स्याना के मोहल्ला चांमड वाली गली निवासिन श्रीमती रूखसाना पत्नी अंसार अली ने तहरीर दी कि 9 जून को उनकी सास दवाई लेने गयी थी तथा देवर व पति अपनी दुकान पर गये हुये थे। तभी उनकी ननद हुसन पत्नी आजाद व नन्दोई आजाद पुत्र मुस्ताक निवासीगण ग्राम इमलिया, बुलन्दशहर ने उनके घर आकर उनके साथ मारपीट की व गन्दी गन्दी गालियां देते हुए अभद्रता की। झगड़े का शोर सुनकर पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गये, जिन्हें देखकर दोनों पीड़िता को भुगत लेने की धमकी देकर भाग गये। पीड़िता ने स्वयं को भयभीत बताते हुए पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। कोतवाली पर उपरोक्त मामला सुसंगत धाराओं में दर्ज कर विवेचना कस्बा इंचार्ज/उपनिरीक्षक मनीष यादव को सौंपी गई है।

# खिलाड़ियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

**राजीव मोंगरा**

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** सम्मान समारोह के संयोजक राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने अपनी खेल प्रकोष्ठ की पूरी टीम के साथ राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मान देते हुए कहा कि आज पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आए हुए हैं जिन्होंने अपने देश का मान सम्मान बढ़ाया है। आज के सम्मान समारोह से युवाओं में जागरूकता बढ़ेगी ।बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का सपना है कि किसानों के बच्चों का खेलो के माध्यम से भविष्य बने। हर गांव, हर घर मेडल जीतकर आए वो सपना हमे साकार करना है। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में कुश्ती के अर्जुन अवार्डी सुनील राणा,टीम इंडिया के कोच जितेंद्र राणा,एशिया चौंपियनशिप थाईलैंड कांस्य पदक उत्तम राणा,जाट रेजिमेंट बरेली मे मेजर



कुश्ती एशिया मेडलिस्ट मनोज खोखर, जाट रेजीमेंट बरेली सुबेदार रेसलिंग ग्रेपलिंग एशिया मेडलिस्ट नवीन बालियान, वुशु वर्ल्ड चैंपियन सूबेदार उचित शर्मा, पैरा ओलम्पिक रजत पदक निखिल कुमार, कॉमनवेल्थ गेम्स कराटे रजत पदक विजेता राजीव मुंडेलवाल, जू जित्सू में एशिया पदक विश्वदीप कोशिक, नरेंद्र पंवार गोल्डमेडलिस्ट, मोहम्मद असाद वर्ल्ड चैंपियन रेसलिंग ग्रेपलिंग,इनके अलावा एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले विपिन राठी, मोंटी मलिक, रिक्की तोमर,आरोही चौधरी, प्रवीण शर्मा राष्ट्रीय मैराथन गोल्ड मेडल, सहित लगभग 184 अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय गौरवशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर, राष्ट्रीय महासचिव डॉ संजीव आर्य, राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक, राष्ट्रीय सचिव योगेश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय सचिव सतवीर घिस्सा, क्षेत्रीय अध्यक्ष शारिक चौधरी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रेयान त्यागी, प्रदेश महासचिव अरविंद पंवार, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश एडवोकेट, जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी, रिंकू सोनकर, अनुभव निर्वाल, प्रताप लोहिया, विनोद प्रधान, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक उपस्थित रहे। अध्यक्षता रालोद जिलाध्यक्ष शाहजमां खान ने की।

# 2161 करोड़ रुपये की लागत से संवरेगा शहर का बुनियादी ढांचा

## शहर के 22 प्रभावित वार्डों में सीवर जाम व ओवरफ्लो की समस्याओं का स्थाई समाधान, बिछेगा सीवर और पेयजल लाइनों का जाल

संतोष कुमार सिंह







**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी को बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। नगर निगम क्षेत्र के अत्यधिक प्रभावित 22 वार्डों की सीवर और पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए बुनियादी ढांचे को पूरी तरह नया स्वरूप देने की तैयारी है। इसी क्रम में अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत शहर में 2161 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से 353.13 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन और 651.64 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द ही गति पकड़ेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रखी गई थी। इसी कड़ी में रविवार को शहर के पांच प्रमुख प्रभावित वार्डों में कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। महापौर अशोक कुमार तिवारी एवं कैंट क्षेत्र के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भूमि पूजन कर विकास कार्यों की शुरूआत की। उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की देखरेख में इस कार्य को तेजी से पूरा किया जाएगा।

### एक साल की समस्या व 70 साल तक का समाधान

इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए महापौर अशोक कुमार तिवारी ने जनता से सहयोग की अपील की उन्होंने धरातलीय सच्चाई को सामने रखते हुए कहा कि सीवर व पानी की नई पाइप लाइन बिछाने के इस बड़े कार्य में लगभग एक साल का समय लग सकता है। इस अवधि के दौरान सड़कों पर गड्ढा खोदने और निर्माण कार्य चलने से नागरिकों को आवागमन में थोड़ी असुविधा और कष्ट का सामना करना पड़ सकता है लेकिन महापौर ने आश्वस्त करते हुए कहा कि यह एक साल की अस्थायी समस्या आने वाले 70-75 साल तक का स्थाई समाधान लेकर आ रही है। इस 2161 परियोजना के पूरा होने के बाद काशीवासियों को अगले 70 वर्षों तक सीवर जाम और ओवरफ्लो की लाइलाज समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही घरों में पानी का प्रेशर भी बढ़ेगा और हर घर तक शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

### पांच वार्डों के 66.22 करोड़ से बदलेगी सूरत

पहले चरण में पांच अत्यधिक प्रभावित वार्डों में सीवर लाइन और गृह संयोजन (हाउस कनेक्शन) का काम शुरू किया गया है। 166.22 करोड़ रुपये की लागत से कुल 73.54 किमी लंबी सीवर लाइन बिछाई जाएगी और 15,748 घरों को सीवर कनेक्शन से जोड़ा जाएगा इससे करीब 11,680 की आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।

### पार्षदों की मौजूदगी में हुआ भूमि पूजन

बंगाली टोला में पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी की उपस्थिति में राजश्री होटल के पास पांडे हवेली में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद जगमबाड़ी में पार्षद विजय द्विवेदी, बागहाड़ा में पार्षद शमा परवीन, शिवाला में पार्षद राजेश यादव 'चल्लू' और शाम को नगवां में पार्षद माधुरी सिंह की मौजूदगी में क्रमशः तय स्थलों पर भूमि पूजन कर कार्य शुरू कराया गया।

इस अवसर पर उपसभापति नरसिंह दास, राम गोपाल वर्मा, अमित सिंह चिंटू, नामित पार्षद संजीव चौरसिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग शर्मा, अभिषेक बनर्जी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जल निगम के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार सोनकर, अधिशासी अभियंता कमल सिंह, ओपी सिंह और भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने उपस्थित रहकर विकास की इस नई इबारत का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकास मंत्री एके शर्मा के.के. मार्गदर्शन में काशी विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ- सबका विकास' के मंत्र और मुख्यमंत्री की विकासोन्मुखी नीतियों से प्रेरित यह परियोजनाएं काशीवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। अमृत- 2.0 के तहत स्वीकृत यह धनराशि शहर की तस्वीर बदल देगी।

### वार्डवार कार्यों और लागत का विवरण इस प्रकार है

- बंगाली टोला (वार्ड नम्बर 31)– 22.15 करोड़ रुपये की लागत से 8.50 किमी सीवर लाइन व 2551 हाउस कनेक्शन।
- जगमबाड़ी– 16.96 करोड़ रुपये की लागत से 6.54 किमी सीवर लाइन व 3441 हाउस कनेक्शन।
- बागहाड़ा– 19.51 करोड़ रुपये की लागत से 7.50 किमी सीवर लाइन व 2338 हाउस कनेक्शन।
- शिवाला– 48.52 करोड़ रुपये की लागत से 28.50 किमी सीवर लाइन व 3861 हाउस कनेक्शन।
- नगवां– 59.08 करोड़ रुपये की लागत से 22.50 किमी सीवर लाइन व 3557 हाउस कनेक्शन।

# श्री श्री 1008 प्राचीन शीतला माता का वार्षिक श्रृंगार व भंडारा का आयोजन, 501 नारियल अर्पित कर हुई विशेष पूजा अर्चना





संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** प्रत्येक वर्ष के भाति इस वर्ष भी पटनीटोला स्थित श्री श्री 1008 मांता शीतला का वार्षिक भव्य श्रृंगार व भंडारा संपन्न हुआ आचार्य रोहित त्रिवेदी और पुजारी राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में समस्त धार्मिक का आयोजन संपन्न हुए। सर्वप्रथम मांता शीतला की शोभायात्रा निकाली गई जो विभिन्न मोहल्ले से होती हुई वापस शीतला मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई इसके पश्चात मांता का भव्य श्रृंगार और 501 नारियल की बलि दी गई। मुख्य यजमान मदन यादव और 151 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा हवन का कार्य संपन्न कराया गया। इस दौरान क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओ एवं श्रद्धालुओं ने मां की भेंट प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से द्वारिका यादव, दिनेश यादव, मनोज, आनंद शुक्ला, संगीता यादव, लालमणि, रेनू यादव, नीतू, उषा यादव, सुमन, किरण यादव, पुष्पा सहित नगर के गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे।

पूजन कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मां का प्रसाद ग्रहण किया जो देर रात्रि तक चलता रहा।

# पुरुषोत्तम मास के समापन पर महाराजा अग्रसेन सेवा समिति ने किया मैंगो शेक का वितरण

## ठंडे ठंडे मैंगो शेक से राहगीरों की बुझाई प्यास

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** महाराजा अग्रसेन सेवा समिति द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा कार्यों के क्रम में रविवार को अंतिम चरण का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच, महाराजा अग्रसेन चौक (सब्जी मंडी चौराहा) पर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए 'मैंगो शेक' वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा और अजय कौशिक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संजय शर्मा ने स्वयं प्रसाद वितरित कर इसकी शुरूआत की। उन्होंने समिति के इस मानवीय प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि, 'भीषण गर्मी में राहगीरों की सेवा करना और उन्हें शीतल पेय उपलब्ध कराना एक अत्यंत सराहनीय कार्य है। निस्वार्थ भाव से की गई जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।' समिति के पदाधिकारी मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रत्येक रविवार को समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद और शीतल पेय का वितरण किया गया। उन्होंने कहा, पिछले रविवारों में हमने लस्सी, शरबत और केसर युक्त दूध वितरित किया था। आज मैंगो शेक वितरण के साथ इस माह के सेवा कार्यों का समापन हुआ है। पुरुषोत्तम मास में दान-पुण्य और सेवा का विशेष आध्यात्मिक महत्व होता है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया। इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में संपूर्ण अग्रवाल समाज का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान शशांक सिंघल, विष्णु ठेकेदार, मनमोहन अग्रवाल (सभासद), विवेक अग्रवाल, सुधीर गोयल, शानू बंसल, प्रदीप गर्ग (गुड्डा), यश सिंघल, गोपाल स्वरूप, अजय गर्ग व आदेश शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में समिति ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। ठंडे और स्वादिष्ट मैंगो शेक का आनंद लेकर राहगीरों और भक्तों के चेहरे खिल उठे, जिससे कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्ण होता नजर आया।

# 13 दिन बीतने के बाद भी पीड़ित की नहीं हुई रिपोर्ट दर्ज

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** पहासू थाना क्षेत्र के गांव नगला खेड़ा निवासी संदीप कुमार पुत्र सोमवीर सिंह ने बताया है कि वह 30 मई को किसी कार्य हेतु थाना पहासू गया था वहां से वापस अपने घर लौटते समय देर शाम को गांव के रास्ते में नगला सोई निवासी तीन युवक लाठी डंडों से लैस होकर रास्ते में खड़े थे और मेरी गाड़ी को रोक कर मेरे साथ मारपीट करने लगे पीड़ित ने दबंगों से अपनी जान बचाकर गाड़ी छोड़ कर जंगल में जाकर छुप गया कुछ देर बाद वापस लौटा तो गाड़ी में रखें करीब 50000 नहीं मिले जिसकी सूचना थाना पुलिस को दे दी गई लेकिन प्रार्थना पत्र लेने के बाद भी मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया। चार जून को पीड़ित ने सीओ शिकारपुर को एक प्रार्थना पत्र और दे दिया गया उसके बाद भी कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। उधर पहासू थाना प्रभारी ने बताया है कि उक्त प्रकरण की थाना एवं सीओ स्तर से जांच चल रही है जांच में जो भी तथ्य सामने निकलकर आयेंगे उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# पूर्व विधायक की छवि धूमिल करने की कराई रिपोर्ट दर्ज

**स्याना/बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** स्याना कोतवाली पर पूर्व विधायक सुश्री डॉ अनीता लोधी राजपूत के प्रतिनिधि मोहित शर्मा निवासी चांदपुर चुंगी स्याना ने तहरीर दी कि फेसबुक एप पर स्याना की राजनीति के नाम से एक पेज बना हुआ है, जिस पर उसके ऑनर द्वारा स्याना क्षेत्र की जनता की राय लेने हेतु एक पोस्ट की गयी थी कि स्याना क्षेत्र में अच्छा विधायक कौन हो सकता है। जिसमें राजपाल लोधी, देवेन्द्र सिंह लोधी, डॉ अनीता लोधी राजपूत (पूर्व विधायक) व केपीसी सिंह की फोटो को छापा गया था। जिस पर रतनपुर डिबाई निवासिन आरोपित महिला ने अपने फेसबुक एकाउंट से उक्त पोस्ट पर काफी गलत टिप्पणी की और पूर्व विधायक सुश्री डॉ अनीता लोधी राजपूत के बारे में काफी भला–बुरा कहा। जिससे पूर्व विधायक सुश्री डॉ अनीता लोधी राजपूत की समाज में छवि काफी धूमिल हुई है और उक्त आरोपित द्वारा सुश्री अनीता लोधी राजपूत की मानहानि की गयी है, जिससे सुश्री डॉ अनीता लोधी राजपूत को मानसिक क्षति पहुंची व मानसिक परेशानी हुई है। तहरीर में अवगत कराया है कि उक्त आरोपित आये दिन किसी न किसी की पोस्ट पर गलत टिप्पणी करती रहती हैं तथा जब आरोपित के मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क किया गया तो अभद्र व्यवहार, गाली–गलौच कर काफी अभद्रता की तथा जान से मरवाने की धमकी देने लगीं। कहने लगीं कि तुम मुझे ठीक से जानते नही हो और मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।

# 95 बटालियन सीआरपीएफ जवान प्रवीण कुमार सिंह बने कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक सेवा की मिसाल

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 95वीं बटालियन में कार्यरत प्रवीण कुमार सिंह अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक प्रतिबद्धता के कारण विशेष पहचान रखते हैं।

राष्ट्र सेवा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में उनकी सक्रिय भूमिका उन्हें एक समर्पित सुरक्षा कर्मी और जागरूक नागरिक के रूप में स्थापित करती है। प्रवीण कुमार सिंह ने सीआरपीएफ की 95वीं बटालियन द्वारा आयोजित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई है।

पौधरोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने न केवल संगठन की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ किया है बल्कि समाज में जनजागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वे जवानों और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ -साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच उन्हें अपने सहयोगियों एवं क्षेत्र के लोगों के बीच सम्मान का पात्र बनाती है। सीआरपीएफ की 95वीं बटालियन समय-समय पर समाजहित एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है जिनमें प्रवीण कुमार सिंह ने अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक और सफलतापूर्वक निर्वहन किया है उनकी कार्यशैली युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है।

प्रवीण कुमार सिंह का मानना है कि देश सेवा केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं है बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना भी उतना ही आवश्यक है।

इसी सोच और समर्पण के बल पर वे निरंतर राष्ट्र और समाज की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राष्ट्र प्रथम की भावना को आत्मसात करते हुए प्रवीण कुमार सिंह देशभक्ति, सेवा और समर्पण के मूल्यों को साकार रूप दे रहे हैं तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने हुए हैं।

# अज्ञातों सहित 8 के विरुद्ध कराया मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर।** स्याना कोतवाली पर क्षेत्र के ग्राम भैसोड़ा निवासी योगेश ने तहरीर दी कि 10 जून की रात उसका भाई अम्बेडकर पार्क पर साईकिल का तमाशा देखकर आ रहा था। आरोपित किया है कि 5 नामजद व 3 अन्य अज्ञात व्यक्ति निवासीगण भैंसोड़ा एकराय होकर भाई को गाली-गलौच करते हुए भाई के घर में घुस आये तथा गंदी-गंदी गालियां व जातिसूचक शब्द कहते हुए कहा कि आज तुझे जान से मार देंगें। आरोपित किया है कि उक्त सभी गाली-गलौच कर मारपीट करने लगे तथा 2 नामजदों ने भाई को पकड़ लिया तथा 1 नामजद ने कसले से उसके सिर पर प्रहार किया, जिससे भाई के सिर पर गहरी चोट आई तथा लहू-लुहान होकर जमीन पर गिर गया। शोर-शराबे पर अन्य लोगों के आने पर उक्त सभी शिकायतकर्ता के परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। योगेश ने तहरीर में अवगत कराया कि उसने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी तथा अपने भाई को सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया। सरकारी अस्पताल से भाई को खुर्जा एमरजेन्सी सुविधा के लिये रेफर कर दिया गया। योगेश के अनुसार उसके भाई की जान का खतरा बना हुआ है। योगेश ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने तथा उसके परिवार की जान माल की सुरक्षा किए जाने की मांग की। पुलिस ने प्राप्त तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नियमानुसार उक्त मामले की विवेचना स्याना के पुलिस क्षेत्राधिकारी रामकरन सिंह द्वारा की जा रही है।

# जन संवाद शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

वेलकम इंडिया संवाददाता



**अगौता/बुलंदशहर।** अगौता ब्लॉक ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गांव रायपुर कतौरी माजरा (मीरपुर) में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जन संवाद शिविर के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। शिविर में उपस्थित ग्राम सचिव रूपेन्द्र शिशोदिया ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान, महिला, युवा एवं समाज के कमजोर वर्गों को सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया, मुद्रा योजना, सौलर विद्युत योजना, सभी प्रकार की पेंशन तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम सचिव ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। जन संवाद शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं और जल्द ही समस्याओं के समाधान के निस्तारण करने का आश्वासन भी दिया गया। लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया, पात्रता एवं लाभों के संबंध में भी जागरूक करते हुए कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

# 12वें नेशनल कॉन्क्लेव ऑन 5-एस के तहत प्रतिनिधियों ने किया औद्योगिक अध्ययन भ्रमण



संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** बारहवें नेशनल कॉन्क्लेव ऑन 5-एस के अंतर्गत देश के विभिन्न 34 अध्यायों से आए 20 प्रतिनिधियों के दल ने एक दिवसीय औद्योगिक अध्ययन भ्रमण किया। इस बहुउद्देशीय दल ने वाराणसी की दो औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर वहां लागू 5-एस कार्यप्रणाली तथा व्यवस्थागत सुधारों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। प्रतिनिधिमंडल में अमनदीप जैन, बलमुरुगन, जोफी साइमन, अनिकेत, ऋतु मेहता, भारत लांडगे, जयशंकर कुमार, कमल नारायण राय, मनीष डे, स्वागत, यश कुमार अग्रवाल, अनिकेत बागल, रविकांत जाधव, सचिन कांगुड़े, नितिन हेमाने, प्रदीप गंगवार, प्रतीक पांडा, संदीप वर्मा, वीरेंद्र मेश्राम, मंजीत सिंह भंडारी एवं संजीब कुमार पोरेल सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।

अध्ययन भ्रमण का समन्वयन क्वालिटी कंट्रोल सर्किल (क्यूसीसी) वाराणसी चैप्टर के अनिल कुमार ओझा एवं डी.के. प्रजापति ने किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों में लागू 5-एस कार्यप्रणाली के व्यावहारिक स्वरूप को समझना तथा उसके सकारात्मक प्रभावों का अध्ययन करना था। प्रतिनिधियों को बताया गया कि 5-एस कार्यप्रणाली में छंटाई (सॉर्ट), सुव्यवस्था (सेट इन आर्डर), स्वच्छता, (शाइन), मानकीकरण (Standardize) तथा आत्मानुशासन (Sustain) के सिद्धांतों का पालन किया जाता है।

इसके प्रभावी क्रियान्वयन से कार्यस्थल अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित, दुर्घटना-मुक्त एवं पर्यावरण -अनुकूल बनता है। साथ ही कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण का निर्माण होता है जिससे उत्पादकता एवं कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधियों ने विभिन्न सुधारात्मक उपायों, सुव्यवस्थित कार्य प्रणालियों तथा नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यहां से प्राप्त अनुभव उनके लिए अत्यंत उपयोगी हैं और वे अपने-अपने संस्थानों एवं कार्यक्षेत्रों में भी इन व्यवस्थाओं को अपनाकर गुणवत्ता सुधार तथा उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को बढ़ावा देंगे। प्रतिनिधियों ने अध्ययन भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विभिन्न संस्थाओं के बीच श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान का प्रभावी माध्यम हैं तथा गुणवत्ता संस्कृति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कोट कला मौहल्ले में जलभराव निवासियों को परेशानी वार्ड सभासद चुप बैठे

वेलकम इंडिया संवाददाता







**शिकारपुर।** नगर के मौहल्ला कोट कला के निवासी पिछले लम्बे समय से जलभराव की गम्भीर समस्या से जूझ रहे है स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस सम्बन्ध में कई बार नगर पालिका प्रशासन को प्रार्थना पत्र और ज्ञापन सौंपे जा चुके है लेकिन अब तक कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई है।

कच्ची नाली और नीची सड़क बनी मुसीबत स्थानीय लोगों के अनुसार इस गली में नाली अभी तक कच्ची है इसके अलावा सड़क का स्तर पास में स्थित पोखर से ज्यादा ऊंचा नहीं है। हाल ही में हुई बारिश के कारण पोखर ओवरफ्लो हो गई है और उसका गन्दा पानी सड़क पर आ गया है। सड़क नीची होने के कारण यह पानी वापस पोखर में नहीं जा पा रहा है। जिससे पूरी गली टापू में तब्दील हो गई है इस गली में करीब 20 से 30 मकान है जलभराव के कारण घरों से निकलना दूभर हो गया है प्रॉपर्टी डीलर अवैध रूप से जमीन बेच कर चले जाते हैं और बाद में भुगतना आम जनता को पड़ता है नगर पालिका में हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मनवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, प्रदर्शन और विरोध दर्ज कराने वालों में कुशलपाल चौधरी, देवेन्द्र लोधी, जयदीप फौजी, सुधीर फौजी, सुमन, लोकेन्द्री, दितिया, परी, लक्ष्मी, आदि सहित दर्जनों गलीवासी शामिल रहे जब इस गम्भीर समस्या के सम्बन्ध में नगर पालिका की ईओ नीतू सिंह, से जानकारी करी तो उन्होंने बताया तात्कालिक कार्रवाई लगातार हुई बारिश की वजह से पोखर पूरी तरह भर गई है और पानी सड़क पर आ गया है। नगर पालिका की टीम द्वारा पम्प लगाकर पानी निकालने का काम किया जा रहा है। ईओ नीतू सिंह, ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रॉपर्टी डीलर से जमीन या प्लॉट खरीदने से पहले उस जगह की पूरी जानकारी जैसे जल निकासी की व्यवस्था और नगर पालिका के नियम अवश्य कर लें ताकि बाद में ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## पीड़ित परिवार से मिला व्यापारी प्रतिनिधिमंडल, कार्रवाई की मांग की



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** रामकिशोर अग्रवाल पूर्व राज्यमंत्री (वाणिज्य कर विभाग उ. प्र.) एवं जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल बड़ौत जाकर पीड़ित परिवार से मिला और घटना पर गहरा दुख प्रकट कर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख से डा. पवन सिंघल, देवराज मित्तल, राजेन्द्र गोयल, महेश तयाल, डा. मुकेश गोयल, सर्वेश मिलल, पंकज गर्ग, संजय सिंघल, सहित अनेक व्यापारी नेता मौजूद रहे। व्यापारी नेताओं की प्रमुख मांगे दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो पीडित परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता दी जाए। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व पारदर्शी जॉब कराई जाए। व्यापारी समाज भय और असुरक्षा के माहौल में व्यापार नहीं कर सकता। अपराधियों के विरुद्ध ऐसी कठोर कार्यवाही होनी चाहिए जो भविष्य में कानून तोड़ने वालों के लिए बड़ा संदेश बने । शासन - प्रशासन इस घटना की जवाबदेही तय करे।व्यापारी समाज एकजुट है, अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा, शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय की मांग करेंगे। न्याय में देरी हुई, तो व्यापारिक समाज एकजुट होकर व्यापारिक आंदोलन करेगा। न्याय, सुरक्षा और सम्मान हमारा अधिकार है।

# मोदीनगर में प्रथम इलेक्ट्रोहोम्योपैथी इंटरएक्टिव सेशन 2026 का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** शहर के फूड प्लाजा होटल में रविवार को पहला इलैक्ट्रोहोमियोपैथी इंटरैक्टिव सेशन 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से जुड़े चिकित्सकों, शोधकताओं और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के क्षेत्र में ज्ञान का आदान-प्रदान, नवीन शोधों की जानकारी और चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पंजाब से आए डॉ. अजीत सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, हर्बल रिसर्च लैब तथा डॉ. संग्राम सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, स्पैजिरिक प्रोडक्ट्स ने इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के



सिद्धांतों, उपचार पद्धति और इसके भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों और प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. महेश कुमार, यूपी स्टेट सी एंड एफ एवं कोऑर्डिनेटर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे इंटरएक्टिव सेशन चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। सेशन के दौरान विभिन्न चिकित्सा विषयों पर चर्चा हुई तथा इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक, छात्र एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## गांव गदाना में टीबी एक्स-रे स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत एक विशेष टीबी एक्स–रे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पिंकी चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल के निवास गांव गदाना में किया गया। शिविर का उद्देश्य टीबी रोग की शीघ्र पहचान, जांच एवं जनसामान्य को रोग के प्रति जागरूक करना था। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास कहरा उपस्थित रहे तथा उन्होंने लाभार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की। सीएचसी मोदीनगर से मुख्य फार्मासिस्ट के. पी. सिंह भी उपस्थित रहे और शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। एनटीईपी टीम से देव राणा (एसटीएस), राकेश कुमार (टीबीएचवी) एवं दिनेश कुमार (टीबीएलटी) ने सक्रिय रूप से स्क्रीनिंग, परामर्श एवं जनजागरूकता गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर एक आवाज ट्रस्ट की संस्थापक श्रीमती सुमन भी उपस्थित रहीं। उन्होंने टीबी उन्मूलन में सामुदायिक सहभागिता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए लोगों को समय पर जांच एवं उपचार कराने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की एक्स–रे जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों एवं जनसहयोग को आवश्यक बताया।

# रूहेला राजपूत समाज द्वारा मीठा जल वितरण सेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के बीच रूहेला राजपूत समाज, मोदीनगर द्वारा अग्रसेन पार्क, पेपर मिल, गोविंदपुरी, मोदीनगर में जनसेवा एवं मानवता की भावना से प्रेरित होकर ह्लमीठा जल वितरण सेवा कार्यक्रमह्व का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी कृष्णा रूहेला ने किया इस अवसर पर रूहेला राजपूत समाज के सैकड़ों समाज बंधुओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेवा भावना का परिचय दिया तथा हजारों राहगीरों, श्रमिकों, रिक्शा चालकों एवं आम नागरिकों को ठंडा एवं मीठा शरबत वितरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी से राहत प्रदान करना तथा समाज में सेवा, सहयोग, भाईचारे एवं मानवता की भावना को मजबूत करना था। समाज के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया और भविष्य में भी ऐसे जनहित एवं समाजहित के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कृष्णा रूहेला ने सभी सहयोगियों, समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं उपस्थित सम्मानित साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लसमाज की एकता, सहयोग और सेवा भावना ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। रूहेला राजपूत समाज सदैव सामाजिक सरोकारों एवं जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।ह्व पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, उत्साह एवं सेवा भावना का उत्कृष्ट वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीनिवास रूहेला, रामनिवास रूहेला, नरेश रूहेला, शिवकुमार रूहेला, ईश्वर रूहेला, अनिल रूहेला, सोनू रूहेला, नीरज रूहेला, अजय रूहेला, दीपक रूहेला, विपिन रूहेला, मनोज रूहेला, संजय रूहेला, अक्ष रूहेला, पार्थ रूहेला, ध्रुव रूहेला, सुनील रूहेला, अनुज रूहेला, नितिन रूहेला, चीकू रूहेला, अमन रूहेला, कुलदीप रूहेला, सचिन रूहेला, दिनेश रूहेला, हर्ष रूहेला, शिवोम रूहेला, ऋषभ रुहेला सहित अनेक समाजसेवी एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

## रहस्यमय परिस्थितियों में युवक लापता,नहीं लगा कोई सुराग

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर थाना क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा रोड, गली नंबर–1, किदवई नगर से एक युवक के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवक के परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर उसकी तलाश की गुहार लगाई है। युवक के 18 घंटे से अधिक समय से लापता होने के कारण परिवार गहरे सदमे और चिंता में है। परिजनों के अनुसार, समीर नामक युवक 13 जून 2026 की शाम करीब 6 बजे अपने घर पर था। इसी दौरान उसके मोबाइल फोन पर किसी व्यक्ति की कॉल आई। कॉल आने के बाद वह अपनी स्विफ्ट एलएक्सआई कार (नंबर UP14GW1812) लेकर मेरठ बाईपास की ओर जाने की बात कहकर घर से निकल गया। इसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने बताया कि जब काफी देर तक समीर घर नहीं पहुंचा तो उन्होंने उसके मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन लगातार बंद जा रहा है। इसके बाद परिजनों ने सभी रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों से संपर्क कर उसकी जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। समीर के भाई ने बताया कि



उसके लापता हुए करीब 18 घंटे से अधिक समय बीत चुके हैं। न तो उसके मोबाइल से कोई कॉल आई है और न ही किसी प्रकार का कोई संदेश मिला है। इस कारण पूरे परिवार की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। परिजनों को आशंका है कि कहीं समीर के साथ कोई अनहोनी घटना न हो गई हो। परिवार ने मोदीनगर पुलिस से युवक की जल्द से जल्द तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है और युवक की लोकेशन व अन्य संभावित पहलुओं के आधार पर खोजबीन की जा रही है। परिवार फिलहाल समीर के सुरक्षित घर लौटने की उम्मीद लगाए बैठा है।

# जोड़ों में दर्द से पीड़ित लोग उचित उपचार से सामान्य, सक्रिय जीवन जी सकते हैं : डॉ साहिल गर्ग

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** रूमेटाइड आर्थराइटिस (आरए) एक गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी है। जिसमें शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र गलती से अपने ही जोड़ों पर हमला करने लगता है। इससे जोड़ों में दर्द, सूजन और अकड़न की समस्या उत्पन्न होती है। यह जानकारी ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ साहिल गर्ग द्वारा दी गई कि यह बीमारी आमतौर पर 30 से 60 वर्ष की आयु के लोगों में अधिक देखी जाती है, हालांकि किसी भी उम्र में इसके लक्षण सामने आ सकते हैं।

महिलाओं में इसका प्रभाव पुरुषों की तुलना में दो से तीन गुना अधिक पाया जाता है। डॉ साहिल गर्ग के अनुसार हाथों, कलाइयों और पैरों के छोटे जोड़ों में लगातार दर्द व सूजन, सुबह आधे घंटे से अधिक समय तक रहने वाली अकड़न, मुट्ठी बनाने या वस्तुओं को पकड़ने में कठिनाई, अत्यधिक थकान और कमजोरी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

समय पर उपचार न मिलने पर



डॉ साहिल गर्ग

जोड़ों में स्थायी विकृति भी विकसित हो सकती है। उन्होंने बताया कि रूमेटाइड आर्थराइटिस को पूरी तरह रोकने का कोई निश्चित तरीका नहीं है, लेकिन धूम्रपान से दूरी, संतुलित वजन बनाए रखना, नियमित व्यायाम और फल, सब्जियों तथा मछली से भरपूर संतुलित आहार अपनाकर इसके जोखिम को कम किया जा सकता है।

डॉ साहिल गर्ग ने कहा शुरूआती चरण में उपचार शुरू करने से जोड़ों को होने वाले स्थायी नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है।

उपचार में दर्द और सूजन नियंत्रित करने वाली दवाओं के साथ रूमेटोलॉजिस्ट द्वारा निर्धारित डीएमएआरडीस दवाएं दी जाती हैं। इसके अलावा नियमित हल्का व्यायाम, फिजियोथेरेपी, स्वस्थ वजन बनाए रखना तथा जोड़ों पर अनावश्यक दबाव से बचना भी जरूरी है।

डॉ साहिल गर्ग ने बताया कि जब जोड़ अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो जाएं, तब जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। डॉ. गर्ग ने सलाह दी कि यदि किसी व्यक्ति को छह सप्ताह से अधिक समय तक जोड़ों में दर्द और सूजन बनी रहे, सुबह लगातार अकड़न महसूस हो या दैनिक कार्य करने में परेशानी होने लगे तो तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। उनका कहना है कि समय पर जांच और उचित उपचार से रूमेटाइड आर्थराइटिस से पीड़ित अधिकांश लोग सामान्य, सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

## ट्रांस हिंडन में तीन किशोरियां लापता, परिवारों में मचा हड़कंप

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में तीन किशोरियों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से परिवारों में चिंता और बेचैनी का माहौल है। खोड़ा थाना क्षेत्र से दो सगी नाबालिग बहनों तथा इंदिरापुरम थाना क्षेत्र से एक अन्य किशोरी के अचानक गायब हो जाने के बाद पुलिस ने मामले दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। परिजन लगातार अपने बच्चों की सुरक्षित वापसी की उम्मीद लगाए हुए हैं, वहीं पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार खोड़ा थाना क्षेत्र की वंदना विहार कॉलोनी के बी–ब्लॉक निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 17 वर्षीय और 14 वर्षीय बेटियां 12 जून को अपनी बुआ के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। परिजनों को उम्मीद थी कि दोनों कुछ समय बाद वापस लौट आएंगी, लेकिन देर रात तक घर न पहुंचने पर परिवार की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन दोनों बहनों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क कर मामले की सूचना दी।उधर, इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में भी एक 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां राज ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी वैशाली सेक्टर–4 स्थित पार्क एवेन्यू स्ट्रीट सोसाइटी में घरों में झाड़ू–पोछा करने का काम करती थी। एक जून को वह रोजाना की तरह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। परिवार ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। तीनों किशोरियों के लापता होने की घटनाओं ने क्षेत्र में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। परिजनों का कहना है कि बच्चियों के अचानक गायब होने से पूरा परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है।

# शिक्षाविद् विनीता शर्मा को मिले दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान

**राजेंद्र सिंह**

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** शिक्षा, आधुनिक तकनीक और छात्र विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गाजियाबाद की प्रतिष्ठित शिक्षाविद् विनीता शर्मा को दो बड़े राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तथा प्रीथ्वी अभ्युदय एजुकेटर्स एसोसिएशन-इंडिया (PAAI) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया।हरियाणा के समालखा स्थित संस्थान परिसर में 13 जून को आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने विनीता शर्मा को 'दिल्ली एनसीआर रत्न-2026' एवं 'पीएआई द चेंजमेकर अवार्ड-8.0' से सम्मानित किया। वर्तमान में वह सेंट टेरेसा स्कूल,




इंदिरापुरम में कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं और पिछले 22 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। समारोह में देशभर से आए 300 से अधिक शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को शिक्षा में नवाचार, प्रभावी नेतृत्व और शैक्षणिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया।विनीता शर्मा ने बताया कि 11 और 12 जून को उन्हें नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित ईटी एजुकेशन लीडरशिप कॉन्क्लेव में भी भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने इस सम्मेलन को शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव बताया। उनके अनुसार सम्मेलन में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई, जिससे शिक्षकों को भविष्य की शिक्षा के अनुरूप स्वयं को तैयार करने की दिशा मिली।विनीता शर्मा की इस उपलब्धि पर सेंट टेरेसा स्कूल के निदेशक राजा रामन खन्ना, निदेशक विजय कुमार गुलाटी तथा प्रधानाचार्या रेणु श्रीवास्तव ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। निदेशक राजा रामन खन्ना ने कहा कि विनीता शर्मा सदैव विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती हैं। नई तकनीकों और आधुनिक विचारों को विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने के लिए उनका निरंतर प्रयास और समर्पण अत्यंत सराहनीय है। उनकी दूरदर्शी सोच और सकारात्मक कार्यशैली ने विद्यालय को आधुनिक शिक्षा की दिशा में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अपने सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए विनीता शर्मा ने इसे अपने विद्यार्थियों, सहकर्मियों और पूरे विद्यालय परिवार के विश्वास एवं सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भविष्य निर्माण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे आधुनिक तकनीक और मानवीय मूल्यों के संतुलित समावेश से और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

## मोदी सरकार के 12 वर्षः सांसद अतुल गर्ग ने जनसंवाद से साधा जनता से सीधा जुड़ाव, प्रबुद्ध नागरिकों से किया व्यापक संवाद



**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण' को समर्पित 12 सफल वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को गाजियाबाद में व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग एवं सदर विधायक संजीव शर्मा ने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रबुद्धजनों, समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों और बुद्धिजीवियों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की। जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सांसद अतुल गर्ग ने गुलमोहर एनक्लेव निवासी डॉ. सुनील दत्त, सराय नजर अली के उदयवीर चौहान (सेवानिवृत्त जीएसटी अधिकारी), विजयनगर निवासी अशोक दुग्गल (सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी), शालीमार गार्डन के अभिषेक श्रीवास्तव (आरडब्ल्यूए अध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्य नागरिकों से आत्मीय भेंट कर संवाद स्थापित किया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और विकास संबंधी विषयों पर विचार–विमर्श किया गया तथा नागरिकों के सुझावों को गंभीरता से सुना गया।

# CISF कट के चौड़ीकरण से मिली बड़ी राहत, अब सफर होगा सुगम और जाम-मुक्त

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आमजन को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मॉडल टाउन सेक्टर-62 एनएच-09 से CISF कट की ओर जाने वाले सर्विस रोड का चौड़ीकरण कर इसे दो लेन का बना दिया गया है। पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देशन तथा अपर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं मेट्रो प्रोजेक्ट सेक्टर-62 के जनरल मैनेजर वरुण माथुर के सुझाव पर ठ़लअकद्वारा रैंप हटाकर सड़क का विस्तार किया गया। कार्य पूर्ण होने के बाद रविवार शाम 7 बजे पुलिस उपायुक्त यातायात, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर इस मार्ग को आम जनता के आवागमन के लिए खोल दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, मार्ग खुलने से इस क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा और लंबे समय से लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। नई





व्यवस्था के तहत दिल्ली की ओर से आने वाले वाहन चालक अब मोहन नगर, इंदिरापुरम, कनावनी, डासना और हापुड़ की ओर अधिक सुगमता और सुरक्षा के साथ पहुंच सकेंगे। यातायात पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया हल्के वाहन चालकों से इस मार्ग का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की है, ताकि यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारू बनी रहे।

## क्रॉसिंग रिपब्लिक की बिजली समस्याओं पर मंथन,लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और बिजली कटौती के मुद्दे प्रमुखता से उठे



**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में लगातार सामने आ रही विद्युत समस्याओं के समाधान को लेकर गोल्फ कोर्स परिसर में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, विभिन्न आवासीय सोसाइटियों के प्रतिनिधियों तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर बिजली व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। क्षेत्रवासियों ने बिजली कटौती, लो–वोल्टेज, बार–बार ट्रिपिंग और अन्य तकनीकी खामियों को प्रमुखता से उठाते हुए इनके स्थायी समाधान की मांग की। बैठक के दौरान नागरिकों ने बताया कि बढ़ती आबादी और तेजी से हो रहे शहरी विकास के बीच विद्युत व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसके कारण आए दिन उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने कहा कि नियमित और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति किसी भी विकसित क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकता है, इसलिए इन समस्याओं का जल्द समाधान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद का तेजी से विकसित होता हुआ क्षेत्र है और यहां रहने वाले नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

# ऑपरेशन क्लीनः पासोंडा में पुलिस की सख्त निगरानी, 120 संदिग्धों का सत्यापन

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** अपराधियों पर शिकंजा कसने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के पासोंडा इलाके में विशेष सत्यापन अभियान चलाया। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल कुमार के नेतृत्व में चले इस अभियान में करीब 120 अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीमों ने घर-घर जाकर व्यक्तियों के पते, गतिविधियों और आपराधिक रिकॉर्ड का सत्यापन किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मकसद अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखना और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना है।

अभियान के दौरान लोगों से भी





अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। एसीपी अतुल कुमार ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि आम जनता को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा सके।

# अवैध मजार पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## यूपीसीडा की करोड़ों की भूमि कराई कब्जामुक्त, भूमाफियाओं को सख्त संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता

**लोनी।** जिले में अवैध कब्जों और सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को ट्रॉनिका सिटी के सेक्टर-सी1 में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यूपीसीडा की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित मजार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के दौरान प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे तथा पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

### भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान रहेगा जारी

वहीं डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि अवैध निर्माण को हटाने के साथ-साथ इसे कराने वालों की भी पहचान की जा रही है। उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमाफियाओं और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले तत्वों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### अवैध निर्माण किसी भी रूप में स्वीकार नहीं : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम लोनी दीपक सिंघनवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों तथा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ के नेतृत्व में जनपदभर में अवैध कब्जों और अवैध निमार्णों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ट्रॉनिका सिटी में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### यूपीसीडा की भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार संबंधित मजार सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई थी। मामले की जांच और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान राजस्व विभाग, यूपीसीडा और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया।

प्रशासन की इस कार्रवाई को जिले में अवैध कब्जों के खिलाफ चल रहे अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भविष्य में भी ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाते रहेंगे।

# गर्मी में राहत, सुरक्षा की सीखः यातायात पुलिस ने बांटा ठंडा पानी, यात्रियों को किया जागरूक

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** भीषण गर्मी के बीच यातायात पुलिस गाजियाबाद ने ठल्ट-09 सेक्टर-62 पर सफर कर रहे लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था कर राहत पहुंचाई। इस दौरान यात्रियों और राहगीरों को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। यातायात पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वाहन का इंतजार करते समय सड़क पर खड़े होने के बजाय फुटपाथ या सुरक्षित स्थान का उपयोग करें। इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम होती है और यातायात भी सुचारू बना रहता है।

पुलिस ने कहा कि जनसुरक्षा और जनसेवा दोनों ही विभाग की प्राथमिकता हैं। अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। यातायात पुलिस का यह प्रयास गर्मी में राहत देने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।





# बिजली संकट पर महिलाओं का बवाल, बिजली घर का घेराव कर लगाए विभाग विरोधी नारे





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शालीमार गार्डन स्थित विक्रम एनक्लेव में लगातार तीन दिनों से बिजली कटौती और बार-बार हो रहे वोल्टेज फ्लक्चुएशन से परेशान सैकड़ों महिलाओं ने शनिवार को विक्रम एनक्लेव बिजलीघर पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने बिजलीघर का घेराव करते हुए बिजली विभाग के जेई और एसडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं विद्युत उपकरणों के खराब होने की आशंका भी बनी हुई है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने विभागीय अधिकारियों से तत्काल समस्या का समाधान करने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# रक्तदान के महाकुंभ में सम्मानित हुए रक्तवीर, 91वें रक्तदान से एम.बी. कौशिक ने रचा प्रेरक इतिहास







कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद द्वारा एमएमजी अस्पताल में रक्तदाता सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेड क्रॉस सोसाइटी के निवर्तमान सभापति सुभाष गुप्ता, सीएमएस डॉ. राकेश कुमार, डॉ. चरण सिंह, डॉ. पवन कुमारी, डॉ. अंशुल, एम.सी. गौर, अश्वनी शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 26 समाजसेवियों और नियमित रक्तदाताओं को अंगवस्त्र, पुष्पमाला, स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सतीश गांधी, बालकिशन गुप्ता, सुशील गुप्ता, डॉ. राजकुमार चौहान, एम.बी. कौशिक, राहुल चौधरी, नागेंद्र नाथ, आशुतोष यादव, पैरा क्रिकेट खिलाड़ी राजा बाबू तथा सुधीर गोयल (मोनू) प्रमुख रहे।

कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब रहा जब वरिष्ठ रक्तदाता एम.बी. कौशिक ने अपना 91वां रक्तदान कर मानव सेवा के प्रति अद्वितीय समर्पण का परिचय दिया। उनके इस योगदान की सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की और उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से नियमित रक्तदान करने और इस पुनीत अभियान से जुड़ने की अपील की। रक्तदान शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को मजबूत करना रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानवता के इस महाअभियान में अपना योगदान दिया।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा का अनावरण, विधायक संजीत शर्मा सहित गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद वार्ड संख्या -7 स्थित सुदामा पुरी पार्क में लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा के अनावरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक संजीत शर्मा, पाल समाज के सम्मानित बंधु, क्षेत्रवासी एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने लोक माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सेवा, सुशासन, धर्म एवं जनकल्याण की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने अपने कार्यों से समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया और न्याय, सेवा तथा लोककल्याण की परंपरा को मजबूत किया।







कार्यक्रम में कहा गया कि लोक माता के आदर्श आज भी समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और जनहित के कार्यों के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। उनके विचार और कार्य वर्तमान पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं।

प्रतिमा अनावरण समारोह के दौरान विधायक संजीत शर्मा सहित उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों, पाल समाज के बंधुओं एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# लोनी की सड़क पर दबंगई का नंगा नाच! ऑटो चालक ने स्कूटी सवार युवक पर बरसाए थप्पड़, वीडियो वायरल

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** लोनी क्षेत्र में बीच सड़क पर मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक ऑटो चालक स्कूटी सवार युवक के साथ मारपीट करता दिखाई दे रहा है। घटना के दौरान सड़क पर मौजूद लोगों की भीड़ तमाशबीन बनी रही, जबकि कुछ लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास भी किया।

किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। इस दौरान मौके पर मौजूद एक राहगीर ने पूरी घटना को अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया।





वीडियो अब सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर तेजी से साझा किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो लोनी इलाके का है। हालांकि घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वीडियो के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ, सांसद डॉ. महेश शर्मा ने लाभार्थियों से किया संवाद





कपिल चौहान

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड खुर्जा में आयोजित ह्यजन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलेह्न का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया।

इस अवसर पर सांसद डॉ. महेश शर्मा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक मीनाक्षी सिंह, पार्टी पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न कराया गया और माताओं को सुपोषण किट वितरित की गईं। कार्यक्रम के अंत में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत परिसर में पौधरोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सांसद ने जनभागीदारी को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए लोगों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

# जेवर टोल जीएम के बयान पर भड़के किसान, 22 जून को महापंचायत की चेतावनी





कपिल चौहान

**ग्रेटर नोएडा (वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन (कृषक) ने जेवर टोल के महाप्रबंधक के कथित बयान को लेकर कड़ा विरोध जताया है।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो 22 जून को जेवर टोल पर महापंचायत आयोजित कर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा स्थित संगठन के कैंप कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक की अध्यक्षता मामचंद भगत ने की। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण नागर ने कहा कि जेवर टोल के महाप्रबंधक आनंद द्वारा किसानों को असामाजिक तत्व बताए जाने से किसान समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और यह पूरे किसान वर्ग का अपमान है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री हरबीर सिंह ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे टोल से नहीं हटाया गया तो किसान 22 जून को जेवर टोल पर महापंचायत कर बड़ा आंदोलन करेंगे। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

किसानों ने गांवों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था, समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा सिंचाई के लिए नहरों में पर्याप्त पानी छोड़े जाने की मांग उठाई।

इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में हरबीर सिंह, हरेंद्र नागर, सतपाल नागर, देवेंद्र कसाना, विकास नागर, राजकुमार, कपिल कसाना, प्रमोद चौधरी, रविंद्र भाटी, सरजीत नागर, संजय नागर और राजेश अवाना सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।